विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 82 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 22 दिसम्बर 2025 डाक 23 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




S-46304/97

## छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ कोरबा इकाई के नए वर्ष के कैलेण्डर का विमोचन किया कोरबा नगर निगम महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने

**कोरबा** । 21 दिसंबर को प्रात: 8.00 बजे कड़कड़ाती ठंड के बीच नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद ईश्वर पटेल छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला इकाई के नवनिर्मित कार्यालय टी.पी. नगर पहुंचे और छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के 2026 के कैलेण्डर का विमोचन किया। संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि अखबार वितरण का काम चुनौती भरा होता है। चाहे कड़कड़ाती ठंड हो, चिलचिलाती धूप हो या फिर बरसता पानी, बिना रूके, हर घर में सुबह-सुबह अखबार पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं। हम ऐसे श्रमवीरों के लिए कुछ कर सकें, तो बड़ी बात है। हम उन्हें हर संभव मदद के लिए तैयार हैं और अखबार वितरक संघ कार्यालय को संसाधन युक्त बनाने के लिए प्रयास करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति/अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने अखबार वितरकों के कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले आप सभी सामूहिक बीमा कराएं और यह जीवन के लिए अति जरूरी है। उन्होंने कहा कि अखबार वितरकों का जीवन आर्थिक तंगी से गुजरता है और हम निगम की ओर से सभी वितरकों के लिए मोटराइज्ड/बैटरी वाली साईकिल के लिए प्रयास करेंगे। अतिथियों ने अखबार वितरक संघ के रचनात्मक कार्यों की भी प्रशंसा की। पार्षद ईश्वर पटेल एवं पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे ने भी अखबार वितरकों के सहयोग की बात कही। मंचस्थ अतिथियों महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद ईश्वर पटेल, पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे, वात्सल्य पब्लिक स्कूल के चेयरमेन शंकर पटेल, अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय नेताम सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पत्रकार एवं महापौर के मीडिया प्रभारी दीपक साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रायसिंह, रामा, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्णा निर्मलकर, दिलबाग, यश नेताम, दिलीप यादव, ओंकार, दीपक, राहुल, यश, विजय, सोनू दास मानिकपुरी, किशन सहित अन्य वितरक उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष पद्मसिंह चंदेल एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष विपेन्द्र साहू ने किया।



## एमजेएम में कल ओपीडी सेवाएं निशुल्क

**कोरबा।** शहर व जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रिंस जैन (एमडी) की माता व पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रदीप जैन की धर्मपत्नी स्वर्गीय मीना जैन की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर मीना जैन मेमोरियल अस्पताल द्वारा मानव सेवा की मिसाल पेश की जा रही है। इस अवसर पर कल (निर्धारित तिथि) को अस्पताल में सभी ओपीडी सेवाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी।नया बस स्टैंड, टीपी नगर स्थित अस्पताल में आयोजित इस विशेष सेवा दिवस के अंतर्गत शहर एवं जिले के मरीजों को जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग तथा शिशु रोग से संबंधित परामर्श एवं जांच की सुविधा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया है कि यह नि:शुल्क ओपीडी सेवा स्वर्गीय मीना जैन की स्मृति में समर्पित है, जिनके संस्कारों और सेवा भाव से प्रेरित होकर यह पहल की जा रही है। अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।

## कृष्णधर गोयल को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**कोरबा।** दिवंगत शिक्षक (पंचायत) संवर्ग की कर्मचारी स्व. कुमारी विद्या गोयल के आश्रित सदस्य (भाई) कृष्णधर गोयल को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह के द्वारा कृष्णधर गोयल को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। अनुकंपा नियुक्ति हेतु रिक्त पद पर कृष्णधर गोयल पिता कार्तिकराम गोयल, निवासी ग्राम मुढ़ाली, पोस्ट जवाली, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) को प्राथमिक शाला बम्हनीकोना (मुड़ापार), विकासखण्ड पाली, जिला कोरबा में पदस्थ किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य शोक संतृप्त परिवार को संबल प्रदान करना है, ताकि वह सम्मानपूर्वक आजीविका अर्जित कर सके। नियुक्ति प्राप्त करने पर कृष्णधर गोयल ने जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा ने आयुष पोली क्लीनिक अस्पताल में किये मरीजों को कंबल-चद्दर वितरित

**कोरबा ।** कोरबा सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा द्वारा एक सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की गई। रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल, डिगापुर में उपचारत मरीजों की सुविधा एवं राहत को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं चद्दरों का वितरण किया गया।

इस सेवा कार्य का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती एवं इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा, जिससे उन्हें उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा किया गया यह सहयोग मरीजों के लिए राहत के साथ-साथ मानवीय संवेदना का सशक्त उदाहरण भी बना। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी एवं आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल के एमएस डॉ. पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं मरीजों से मुलाकात कर उन्हें कंबल एवं चद्दर प्रदान की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि रेड क्रॉस संस्था सदैव पीड़ित, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सुविधा के लिए यह छोटा सा सहयोग संस्था की सेवा भावना का प्रतीक है। वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी समय-समय पर स्वास्थ्य, आपदा राहत एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. पवन मिश्रा ने रेड क्रॉस सोसायटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मरीजों के लिए कंबल एवं चद्दर जैसी सुविधाएं अत्यंत आवश्यक होती हैं और रेड क्रॉस द्वारा किया गया यह सहयोग मरीजों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से राहत पहुंचाने वाला है। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ एवं रेड क्रॉस से जुड़े कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा की यह पहल समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के भाव को और अधिक मजबूत करने वाली साबित हुई।

## 27 दिनों के बाद भी लापता बालिका का नहीं चला पता

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र क्षेत्र के लमना भरीटीकरा से 15 वर्षीय बालिका 27 दिन पहले लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों व परिचितों के यहां पतासाजी की लेकिन बालिका नहीं मिली। जिसके बाद थाना में सूचना दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू की लेकिन अब तक कोई पता नहीं चला। परिजन के मुताबिक गत 23 नवंबर की सुबह बालिका सुबह करीब 10 बजे घर से भैंस चराने के लिए खेत कि ओर गई थी। जिसके बाद से वह लापता है। परिजन ने बालिका का अपहरण कर ले जाने या उसके साथ किसी प्रकार की घटना होने की सोचकर चिंतित है।

## बारिश का पानी रोका तो बढ़ा भू-जलस्तर, बंजर जमीन पर उगी सब्जी

कोरबा। करतला ब्लॉक के छह गांवों में बारिश का पानी रोकने से भू-जलस्तर में सुधार आया है। इससे किसान खाली पड़ी जमीनों पर सब्जी की फसल ले रहे हैं। पानी की खपत कम करने के लिए ड्रिप से सिंचाई करते हैं। ग्राम पुरेना, चिचोली, महोरा, कचोरा, बीरतराई, तिलाईभांठा में तीन साल पहले जनवरी-फरवरी से ही कुंए, हैंडपंप और ट्यूबवेल सूखने लगते थे। इस पर ग्रामीणों ने श्रमदान से बारिश का पानी रोकने की शुरुआत की।नाबार्ड ने यहां जलग्रहण समिति को मदद की। इससे चैकडेम के साथ ही छोटे स्ट्रक्चर बनाकर पानी रोकना शुरू किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि अब जून तक कुओं में पानी रहता है। इसका फायदा उठाते हुए किसान सब्जी की फसल ले रहे हैं। चिचोली के शंकर दयाल बिंझवार ने बताया कि पहले मजदूरी करता था। अब सब्जी की फसल ले रहा हूं। पानी की समस्या होने पर जमीन होने के बाद भी खेती नहीं कर पा रहे थे।करीब दो एकड़ जमीन पर टमाटर, मिर्च, बैंगन, गोभी, सेमी, बिंझ की फसल ले रहे हैं। इससे साल में करीब डेढ़ लाख तक कमाई हो जाती है। पानी रुकने के कारण ही धान की फसल भी अच्छी हो रही है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भू-जलस्तर काफी कमजोर था। अब गर्मी में भी पानी की समस्या नहीं रहती। नाबार्ड जलग्रहण समिति बीरतराई के उद्यानिकी विशेषज्ञ योगेंद्र सिंद्रांम ने बताया कि यहां के किसान काफी मेहनती है। एक को देखकर गांव के और भी किसान सब्जी की फसल ले रहे हैं। इस क्षेत्र में इस साल फसल का रकबा भी करीब 250 एकड़ तक बढ़ गया है, जिसमें धान की फसल भी शामिल है।खाली जमीन से हर साल 1 से डेढ़ लाख तक कमाई पानी की कमी के कारण किसान पहले कोई फसल नहीं ले पाते थे। वहां अब हर साल एक से डेढ़ लाख तक कमाई कर रहे हैं। तिलाईभाठा के शैलेश सब्जी की फसल बेचकर डेढ़ लाख तक कमा रहे हैं। महोरा के गोविंद ने बताया कि 70 से 90 हजार रुपए तक कमा लेते हैं।

## शीतलहर से दिन में कंपकंपी, सुबह घना कोहरा छाया रहा

**कोरबा ।** जिले में दिनभर शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड रही। रविवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से तापमान बढ़ने की संभावना है। लेकिन ठंड से अभी राहत नहीं मिलेगी। शहर के कई हिस्से में सुबह घना कोहरा छाया रहा। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह घूमने के लिए देरी से निकल रहे हैं।अभी तापमान में 1 से 2 डिग्री बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है ,लेकिन अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री के बीच ही रहेगा। इससे ठंड से राहत नहीं मिलेगी। सुबह कोहरे के कारण वाहन चलाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कटघोरा अंबिकापुर हाईवे पर भी घना कोहरा नजर आया। ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसकी वजह से डॉक्टर भी बच्चों को ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं।



## मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कोरबा ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा 21 दिसंबर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठक कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा की जगह नया कानून लाकर व्ही बी जी राम जी कर दिया है। इस नये कानून से गरीबों के रोजगार के अधिकार छीन जाने का खतरा मंडरा रहा है। जबकि रोजगार के अधिकार मनरेगा के तहत् करोड़ो ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता था। ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह विकसित भारत जी राम जी करते हुए इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम किया गया है। श्री चौहान ने आगे बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले तत्कालिन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रोजगार के अधिकार योजना मनरेगा योजना को धरातल पर उतारा था, जिसका फायदा आर्थिक रूप से कमजोर करोड़ो ग्रामीण परिवारों को मिलते आ रहा था पर तत्कालीन सरकार को गरीब ग्रामीणों के रोजी-रोजी से तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कोई सरोकार नहीं रहा है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से लगता है कि महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से मोदी सरकार को नफरत हो गई है। जो योजना करोड़ो गरीब ग्रामीणों के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह कारगार हो ऐसे लोक कल्याणकारी योजना के साथ छेड़छाड़ किया जाना यही सिद्ध करती है। प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पार्षद बद्री किरण, गीता गभेल, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, मनकराम साहू, मस्तुल कंवर, सुरती कुलदीप, देवीदयाल सोनी, प्रदीप जायसवाल, संतोष लांझेकर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ. एल.पी. साहू, जवाहर निर्मलकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण देवांगन, ए.डी. जोशी, जे.पी. नामदेव, सचिव प्रमोद श्रीवास, गुड्डु थवाईत, एफ.डी. मानिकपुरी, पोषक दास महंत, भुनेश्वरी दास, राजेश?वर प्रसाद यादव, शांता मंडावे, द्रोपती तिवारी, संजू अग्रवाल, सुरेश पटेल, प्रवीण ओगरे, अमीन अंसारी, डॉ. डी.आर. नेताम सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने एक स्वर में इस जनविरोधी बिल का विरोध किया और कहा कि आने वाले दिनों में हम गांव की गलियों से सांसद तक विरोध के आवाज बुलंद करेंगे।

जैसे तीन काले कानून को मोदी सरकार वापस लेने को मजबूर हुए थे ठीक वैसे ही इस कानून को भी वापस लेने के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें याद करते हुए नमन किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। बैठक के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करते हुए सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।

## बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**कोरबा।** पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ लखन लाल देवांगन, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन (वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री) तथा श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर नगर पालिक निगम के मुख्य आतिथ्य में नन्हें बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रानी धनराज कुवंर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरबा में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.के. सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पद्माकर शिन्दे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. यामिनी बोर्डे एवं डॉ. अन्नपूर्णा बोर्डे, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त विकासखण्डों में भी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण के शुभारंभ पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करी कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाने में सहयोग करें। जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुदृढ़ कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 1578 टीकाकरण बूथ स्थापित कर टीकाकरण कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही प्रत्येक पारा-मोहल्ला, चौक-चौराहा, बाजार एवं हॉट में भी 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाने की व्यवस्था की गई। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है।



पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर लक्षित 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,72,423 शिशुओं के विरुद्ध 1,69,355 शिशुओं को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई, जिससे जिले की उपलब्धि 98.22 प्रतिशत रही। शेष छूटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसंबर को कार्यकर्ता दल द्वारा गृह भ्रमण कर पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी।

## जिले में संचालित लायंस इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**कोरबा ।** कोरबा अंचल में लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश स्कूल सीतामढ़ी एवं लायंस इंग्लिश स्कूल टी.पी. नगर का विज्ञान प्रदर्शनी, आनंद मेला एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दो दिवसीय 19 एवं 20 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायन श्रीकांत बुधिया चेयरमेन लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट एवं एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल रीजन चेयरमेन, गेस्ट ऑफ आनर एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े जोन चेयमरेन व अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ कोरबा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम दिवस आनंद मेला का शुभारंभ कर स्वाष्टि व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। तत्पश्चात विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया व वर्किंग, नॉनवर्किंग एवं कलेक्शन प्रोजक्ट का अवलोकन किया गया। द्वितीय दिवस में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसका सभी अतिथियों एवं दर्शकों द्वारा नृत्य का आनंद उठाया। अंत में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक एस.डी. केवड़ा एवं शिक्षिका श्रीमती ज्योतिका रॉय द्वारा किया गया।कार्यक्रम में लायन रविशंकर सिंह सचिव लायंस क्लब ऑफ कोरबा, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) चेयरमेन लायंस स्कूल सीतामढ़ी, लायन संतोष खरे सचिव लायंस स्कूल टी.पी. नगर, एमजेएफ लायन अशोक मोदी, लायन दीपक माखीजा, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन भगवती अग्रवाल, लायन भगवती गोयनका, लायन जशपाल सिंह, लायन दीपक अग्रवाल, लायन राजेन्द्र डागा, लायन रमेश शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य जी.आर. हंस एवं रमेश शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों सहित उनके परिजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## श्री गुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न





**कोरबा।** कल शाम 5.30 बजे कोरबा परिवहन नगर स्थित श्री गुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ द्य सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्य विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया द्य लगभग 3 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई ,जिसमें छत्रपति शिवाजी और संभा जी पर , देवों के देव महादेव, हास्य,पंजाबी, राजस्थानी,,कश्मीरी, छत्तीसगढ़ी,और छोटे छोटे बच्चों ने रंग बिरंगी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया द्य इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह भाटिया उपाध्यक्ष सरदार दविंदर सिंह सरदार सुखविंदर सिंह सरदार जितेंद्र सिंह सरदार सतविंदर सिंह सरदार इंद्राज सिंह सरदार चरणजीत सिंह सरदार हरदीप सिंह सरदार जसपाल सिंह सरदार सतबीर सिंह भाटिया एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री रविन्द्र सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्रों सहित उनके अभिभावक उपस्थित रहे ।

## कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक कोरबा जिले के नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन , भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी , जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला , महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पूर्व महापौर जोगेश लांबा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान है। सभी कार्यकर्ता स्वयं इस योजना का लाभ लें और आम जनता को भी प्रेरित करें, जिससे बिजली बिल में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करता है। संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोरबा विधानसभा में भाजपा को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे रहें।जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है। कार्यकर्ताओं को नियमित बैठक, प्रशिक्षण और जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान 23 को

**देवरी-सारागांव।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक जिलेभर में सुशासन सप्ताह - 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सुशासन को बढ़ावा देना, आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए विकासखंड मुख्यालयों और ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत बम्हनीडीह विकासखंड की 60 ग्राम पंचायतों को तीन जोनों में विभाजित किया गया है। प्रथम जोन का आयोजन 19 दिसंबर को तालदेवरी हाईस्कूल में 19 ग्राम पंचायतों के लिए हुआ। द्वितीय जोन का आयोजन 20 दिसंबर को हायर सेकेंडरी स्कूल सरवानी में 19 ग्राम पंचायतों के लिए किया गया।

# 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** पोस्ट ऑफिस खातों में जमा राशि की हेराफेरी के एक बड़े मामले में चांपा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। साइबर सेल एवं थाना चांपा की संयुक्त कार्रवाई में पोस्ट ऑफिस के एजेंट को गिरफ्तार किया गया है, जिसने लगभग 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी एजेंट दीपक कुमार देवांगन पिता फिरत राम देवांगन, उम्र 35 वर्ष, निवासी अमरैयापारा भोजपुर, चांपा, पोस्ट ऑफिस के खाताधारकों से मासिक किस्त की रकम वसूल कर उसे खातों में जमा नहीं करता था। इसके बजाय वह खातों में फर्जी एंट्री, नकली हस्ताक्षर एवं पोस्ट ऑफिस की फर्जी सील लगाकर धोखाधड़ी करता रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रार्थी राजकुमार देवांगन, निवासी चरण नगर चांपा ने 16 दिसंबर 2025 को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसने वर्ष 2018 से पोस्ट ऑफिस चांपा में दो खाते खुलवाए थे, जिनमें एजेंट के माध्यम से मासिक 1500 की किस्त जमा करता था। कुल 66 हजार जमा करने के बावजूद केवल 6 हजार 900 ही खाते में जमा पाए गए, शेष राशि की फर्जी एंट्री की गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने लगभग 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की है तथा ठगी की राशि को ऑनलाइन बेटिंग एप के माध्यम से गंवाना बताया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम, चार बैंक खाते, लगभग 150 पोस्ट ऑफिस पासबुक, एजेंट लाइसेंस, नकली सील सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है तथा साइबर सेल द्वारा तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा, निरीक्षक सागर पाठक प्रभारी साइबर सेल, उप निरीक्षक बेल सज्जर लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक विवेक आरक्षक प्रदीप, माखन श्रीकांत, रोहित शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, संजय केवट सचिन एक्का, कैलाश यादव, जय उरांव भूपेंद्र गोस्वामी, रूप नारायण का विशे योगदान रहा।

## टापर व प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

**सक्ती।** अनुनय माडल कान्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में पूर्व विधायक डा. खिलावन साहू ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डा. साहू ने कहा कि अनुनय माडल कान्वेंट स्कूल ने लगातार चार वर्षों से छग माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष दसवीं एवं बारहवीं में टाप टेन में स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है, साथ सक्ती नगर की बेटी आस्था अग्रवाल को पायलट बनने एवं पतेरापाली खुर्द के होनहार युवा कमल किशोर साहू को दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समुद्र तैराकी में 10 किलोमीटर तैराकी 4.30 घंटे को 3.29 घंटे में पूरा कर जिले का, समाज का, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डा. कुमुदिनी बाघ द्विवेदी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता

विद्यालय के संचालक योगेश साहू ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की एवं उपस्थित अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि चेतन साहू एवं राकेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सत्येन्द्र नाथ सोनी, रामानुज राठौर, राम अवतार साहू, राजेंद्र साहू, सूरज देवांगन, योगेंद्र साहू, सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## निजी पावर प्लांट में हादसे में पांच की मौत

**जांजगीर।** सक्ती स्थित आरकेएम पावर प्लांट में हुए हादसे में घायल एक और मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मृतक मजदूर पिछले 72 दिनों से रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल में भर्ती था और जिंदगी की जंग लड़ रहा था। हादसे में उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं।



इलाज के दौरान घायल मजदूर बलराम ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद कोतरारोड पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। डभरा उचपिंडा में संचालित आरकेएम पावर प्लांट में 8 अक्टूबर की रात बॉयलर मेंटेनेंस के लिए 10 अधिक लिफ्ट में ऊपर जा रहे थे। लिफ्ट करीब 40 मीटर की ऊंचाई से अचानक गिर गई। इस हादसे में 4 मजदूरों की मौत हुई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना चेरा निवासी बलराम यादव भी शामिल था। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा था। बाद में एक और मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। ये हुए हादसे के शिकार लिफ्ट हादसे में अंजनी कुमार , मिश्री लाल, रविन्द्र कुमार, बबलू प्रसाद की मौत हुई थी।

## स्ट्रीट लाइटों में 50 से 60 स्ट्रीट लाइटें खराब गुणवत्ताहीन स्ट्रीट लाइट लगाने का आरोप

**बलौदा।** नगर में 21 लाख रुपए की लागत से करीब 100 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई है। इसमें से अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई। नगर के अंतिम छोर में कहीं-कहीं दर्जन भर लाइटें जल रही है। बाकी बंद पड़ी हुई है। नगरवासी अंधेरे में गुजर बसर कर रहे हैं। इधर जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार पर मेहरबान है। अब तक कार्रवाई तो दूर मेंटनेंस या मरम्मत तक नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही नगरवासियों ने गुणवत्ताहीन स्ट्रीट लाइट लगाने का आरोप लगाया है।

शासन की ओर से नगर पंचायत बलौदा में लाखों रुपए खर्च कर स्ट्रीट लाइट लगाई गई, लेकिन 2 माह के अंदर ही उनकी रोशनी अंधेरे में बदल गई है। इसके चलते लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नगर में करीब 100 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। खराब होने के उसे ठीक करने की कोई पहल नहीं हुई। इससे नगर की गलियों में व मुख्य बाजार में अंधेरा पसरा रहता है। नागरिकों ने मामले की जांच की मांग की है। 21 लाख खर्च कर हैंगिंग स्ट्रीट लाइटें लगाई गई। माह भर बाद ही ज्यादातर पोल से लाइटें गायब हो गई या फिर

खराब हों गई। नगर पंचायत द्वारा न तो ध्यान दिया गया और ना ही रख रखाव की कोई व्यवस्था की गई। यह जनता के पैसे की सीधे बर्बादी है। सीधे तौर पर प्रशासन की लापरवाही और निगरानी की पुरी नाकामी को उजागर करती है। बलौदा निवासी अभिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर में सौंदर्यकरण और बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए एक महीना शहर में डेढ़ माह पहले 100 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। इसमें से नगर के अंदर मुख्य चौक-चौराहों में लगाई गई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है। रात के समय हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। अंधेरे में लोग हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। पहले हैंगिंग स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थी। 21 लाख रुपए की लागत से पुष्प वाटिका से सेवा सहकारी बैंक से थाना चौक और मुख्य बाजार तक सैकड़ो पोल लगाए गए हैं। यह लाइट दिखने में तो सुंदर है लेकिन सुंदरता ज्यादातर टिक नहीं सकी। एक ही महीने में खंभे पर लगी लाइटें खराब गई। इसके बाद खराब और टूटी लाइट की मरम्मत भी नहीं हो सकी हो है। ऐसे में धीरे-धीरे अन्य लाइटें भी खराब होती जा रही है। आलम यह है कि बाकी स्ट्रीट लाइटें भी खराब होती जा रही है। इस जिम्मेदार नप के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। साथ ही गुणवत्ता स्ट्रीट लाइट लगाने का आरोप नगरवासियों ने लगाया गया है। अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया ता बाकी लाइटें भी गायब और खराब हो जाएगी। माने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएंगी।

## सड़क के बीचों बीच रेत डंप, आने जाने में हो रही परेशानी



**जांजगीर।** शहर के नहर किनारे इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है, लेकिन काम के दौरान सड़क के बीचों-बीच रेत डंप कर दी गई है। इससे आम लोगों को गुजरने में भारी परेशानी हो रही है। मरम्मत के नाम पर सड़क पर रेत के ढेर लगाए गए हैं, जिनके ऊपर से ही वाहन चालकों को गुजरना पड़ रहा है।न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इससे राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में तो किसी तरह वाहन निकल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में रेत के ढेर दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। इससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है।

## अतिक्रमण को लेकर सरपंच ने ग्रामीण को थमाया नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत सिवनी में अतिक्रमण को लेकर पंचायत के सरपंच ने अतिक्रणकारी को नोटिस जारी किया है। दरअसल, यहां पर ग्राम पंचायत विकास कार्य कराना चाह रही है। बावजूद यहां पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके चलते पंचायत ने अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी कर बेजाकब्जा हटाने का नोटिस जारी किया है। नहीं तो कार्रवाई करने की बात कही है। दरअसल, गांव के अमृत लाल यादव पिता ननकू द्वारा शासकीय भूमि में अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसे तत्काल हटाने की बात कही है। इसकी नोटिस देकर उसे साफ चेतावनी दी गई है कि वे अतिक्रमण को हटाएं नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गांव में अमृत लाल यादव द्वारा इससे - पहले भी अतिक्रमण की गई थी। लेकिन उसके द्वारा बीच में अतिक्रमण को रोक दिया गया था। उसे पहले भी नोटिस दी गई थी। इसके चलते उसने काम रोक दिया था। लेकिन उसके द्वारा इन दिनों फिर से अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा है। गांव में अतिक्रमण के चलते लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का मानना है कि उनकी देखा देखी दूसरे लोग भी अतिक्रमण करने लगे हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गांव में बड़ी तादात में अतिक्रमण की जा रही है। अधिकतर लोग बाहरी हैं। गांव के जानू राठौर ने बताया कि गांव में इसी तरह अतिक्रमण होने लेगा तो विकास के लिए एक इंच जमीन नहीं बचेगी।

## साहू संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने बालेश्वर



**जांजगीर-चांपा।** जिला साहू संघ के चुनाव में बालेश्वर साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि बालेश्वर साहू लगातार दूसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं, जिससे समाज में उनके नेतृत्व और कार्यों पर विश्वास स्पष्ट दिखाई देता है। चुनाव के दौरान अन्य पदाधिकारियों का चयन भी निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर प्रेमशंकर साहू एवं सुभद्रा साहू को चुना गया, वहीं संगठन सचिव की जिम्मेदारी फिरतू साहू, रत्ना साहू को सौंपी गई। निर्वाचन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक शांतनु साहू, सहायक पर्यवेक्षक कामता साहू एवं चुनेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही. वहीं निर्वाचन रही वहीं निर्वाचन अधिकारी केशव साहू तथा सह निर्वाचन अधिकारी रामचरण साहू और सुशील साहू ने चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इसअवसर पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बालेश्वर साहू ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर साहू समाज के हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। निर्वाचन के बाद समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने की उम्मीद जताई गई।

## समर्थगुरु धारा का आध्यात्मिक सत्संग एवं तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** आध्यात्मिक चेतना, शील और संस्कार के प्रसार के उद्देश्य से समर्थगुरु धारा के तत्वावधान में आज से तीन दिवसीय सत्संग एवं सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का भव्य आयोजन एस.डी.पैलेस जांजगीर में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार समर्थगुरु धारा के चार तल के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसे लेकर साधकों एवं आध्यात्मिक जिज्ञासुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।शाम 6 बजे विश्व ध्यान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व सितंबर माह में दो तल तक के ध्यान शिविर का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की थी। उस आयोजन को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब इस आध्यात्मिक श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ की धरती पर यह विशेष आयोजन किया जा रहा है।

6 दिवसीय इस आयोजन में रविवार को 'शील और संस्कार - जीवन का आधार' विषय पर सत्संग, ध्यान एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। बच्चों को कैसे शीलवान और संस्कारित कर सनातन धर्म के मुख्य संदेशों से अवगत करवाया जाए एवं साधकों को



आत्म-जागरूकता, मानसिक शांति तथा जीवन में संतुलन स्थापित करने की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन के लिए अब तक शताधिक लोगों ने अपना पंजीयन करा लिया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी साधकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जिससे आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में केंद्रीय आश्रम मुरथल से पधारे मुख्य आचार्य आचार्य कुलदीप जी एवं आचार्य माँ संजिला के सान्निध्य में साधकों को ध्यान,साधना,समाधि के गूढ़ विधियों से परिचित कराया जाएगा। सत्संग एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से जीवन को सहज, सरल और आनंदमय बनाने के सूत्र साझा किए जाएंगे। इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के आयोजक आचार्य डॉ. कैलाश राय सिंह, समर्थगुरु साधना केंद्र चाम्पा एवं उनके सहयोगी साधकों की टीम कर रही है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस आध्यात्मिक अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## सीसी रोड निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा।** राहौद नगर पंचायत राहौद के गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 5 में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप और वार्ड पार्षद अमित अनंत ने श्रीफल अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

## राठौर समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन राठौर मिले डॉ. महंत से

**जांजगीर।** राठौर समाज छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पवन राठौर के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के मुखिया एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर समाज के समग्र विकास सामाजिक एकता शैक्षणिक उन्नयन तथा संगठनात्मक सुदृढ़ता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. महंत को अवगत कराया कि नव निर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी समाज को संगठित अनुशासित एवं विकासोन्मुख दिशा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समाज के युवाओं महिलाओं तथा विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने शिक्षा व रोजगार के अवसर बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. चरणदास महंत ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और राठौर समाज की एकता अनुशासन एवं संगठनात्मक मजबूती की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने समाज हित में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों की सक्रिय भूमिका ही प्रदेश के समग्र विकास की मजबूत नींव होती है। इस अवसर पर राठौर समाज के प्रतिनिधिमंडल में सनत राठौर कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राठौर महामंत्री राजेन्द्र राठौर, कोषाध्यक्ष ओंकार राठौर सहित संतोष राठौर रामकुमार राठौर, राजेश राठौर, विक्की सिंह राठौर, छोटेलाल राठौर, सतीश राठौर, पार्थ राठौर, जुगनू राठौर, रामगोपाल राठौर, लक्ष्मी राठौर, अर्जुन राठौर एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों पर अत्यंत सकारात्मक सार्थक एवं दूरदर्शी चर्चा करते हुए समाज की भावी कार्ययोजना से अवगत कराया।

## राणी सती दादी का महामंगल पाठ 29 को करेंगी महिलाएं

**बाराद्वार।** स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में 29 दिसंबर को नमो नारायणी समिति द्वारा राणीसती दादी मां का महामंगल पाठ आयोजित होगा। इसमें अजमेर के कुंवर तेजस राणा और टीम द्वारा दोपहर 3 बजे से पाठ कराया जाएगा। कार्यक्रम में 500 महिलाएं शामिल होंगी। इस दौरान अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, गजरा और चुनरी उत्सव आकर्षण रहेंगे।

## ज्ञानोदय में 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता आयोजित

**जांजगीर चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव जी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रतियोगिता में बच्चों ने घरों से एकत्रित बेकार वस्तुओं जैसे—खाली बोतलें, पुराने अखबार, गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक सामग्री आदि का उपयोग कर आकर्षक व रचनात्मक मॉडल तैयार किए। विद्यार्थियों ने तरह-तरह की उपयोगी और सुंदर वस्तुएँ बनाईं, जिनमें घर, स्कूल, पेड़-पौधे, स्मार्ट सिटी एवं सजावटी वस्तुएँ प्रमुख रहीं।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करना, कचरे के पुनः उपयोग का महत्व समझाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। निर्णायक मंडल द्वारा मॉडलों का मूल्यांकन रचनात्मकता, उपयोगिता एवं प्रस्तुति के आधार पर किया गया।

प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव जी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही।

## सत्रांत अवसर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन

**सक्ती।** वनमंडल अंतर्गत संचालित वनरक्षक प्रशिक्षण शाला सक्ती में वनरक्षकों के 67वें प्रशिक्षण सत्र के सत्रांत अवसर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर मनोज कुमार पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक व वनमण्डलाधिकारी, वनरक्षक प्रशिक्षण शाला सक्ती हिमांशु डोंगरे ने की।

समारोह का शुभारंभ प्रशिक्षणार्थियों ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर किया। इसके बाद हिमांशु डोंगरे ने 67वें प्रशिक्षण सत्र का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र बांटे। साथ ही विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। वन वर्धन और वनस्पति शास्त्र व वन सर्वेक्षण और वन अभियांत्रिकी में तिजऊ राम नेताम, वन प्रबंध और वन उपयोगिता में जगेश्वर और वन विधि व वन



सुरक्षा में मोहन लाल साव को विषय पुरस्कार प्रदान किया। सत्र में प्रथम स्थान तिजऊ राम नेताम (कवर्धा वनमंडल) को प्राप्त हुआ। वहीं ऑल राउंडर प्रशिक्षणार्थी के रूप में धर्मेन्द्र (कवर्धा वनमंडल) को घोषित किया।

मुख्य अतिथि पाण्डेय ने कहा कि वे प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को मैदानी कार्यों में गुणवत्ता के साथ लागू करें। उन्होंने आमजन और ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और विभाग की सकारात्मक छवि बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेताओं को भी सम्मानित किया। समारोह में अनेक वन अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी व अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शरण शर्मा ने किया और अंत में शिवेन्द्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

## नर्मदा इंग्लिश स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**चांपा-सिवनी।** शहर के सेवादल चौक पर नर्मदा इंग्लिश स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज पाण्डेय (अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन) रहे। पाण्डेय ने कहा कि नर्मदा इंग्लिश स्कूल ने अल्प समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में जो पहचान बनाई है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर विशेष जोर दिया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गिरधारी लाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल पता हाउस नंबर 191 वार्ड नं. 22 अग्रसेन चौक कोरबा रोड चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम गिरधारी लाल अग्रवाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम गिरधारी लाल अग्रवाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल के नाम से ही जाना पहचाना एवं पढ़ा व

**गिरधारी लाल अग्रवाल**
**पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल**
**हाउस नंबर 191 वार्ड नं. 22**
**अग्रसेन चौक कोरबा रोड चाम्पा**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

हमेशा खुद का प्रथम श्रेणी का संस्करण बनें, न कि किसी और का द्वितीय श्रेणी का संस्करण।

# आंकड़ों में हेरफेर

वैश्विक सूचकांकों को तैयार करने में सरकारी एजेंसियां शामिल नहीं होतीं, इसीलिए उनकी साख है। आखिर ऐसी सरकारों के प्रतिमानों की क्या विश्वसनीयता हो सकती है, जो हकीकत छिपाने और आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए बदनाम हों?

आईने में सूरत खराब नजर आए, तो आईना ही हटा दिया जाए- भारत की बागडोर जिन लोगों के हाथ में है, उनका यह नजरिया अब खतरनाक हद पार कर रहा है। नजरिया इस हद तक पहुंच गया है कि बीमारी बताने वाली जांच रिपोर्ट तक को ठुकराया जाने लगा है। इसकी मिसाल बीते हफ्ते संसद में देखने को मिली, जब सरकार ने वायु गुणवत्ता संबंधी अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों को अस्वीकार कर दिया। साथ ही ऐलान किया कि 'भारत अपने पैमाने खुद तय करता है।

बीते लगभग दो महीनों से राष्टीय राजधानी क्षेत्र की प्रदूषित हवा सुर्खियों में है। वायु गुणवत्ता बताने वाली मशीनों से हेरफेर के इल्जाम इस दौरान लगे हैं। यह एक नया पहलू है, जो इस वर्ष जुड़ा है। बहरहाल, पिछले अनेक वर्षों से प्रदूषित शहरों के वैश्विक सूचकांकों पर भारत की बेहद खराब स्थिति उभरती रही है। मगर इनसे सबक लेने और प्रदूषण दूर करने के संकल्पबद्ध उपाय करने के बजाय अब सरकार ने इन सूचकांकों की उपयोगिता को ही मानने से इनकार कर दिया है।

पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग आधिकारिक नहीं हैं। इन्हें तैयार करने में कोई सरकारी एजेंसी शामिल नहीं होती। डब्लूएचओ के वायु गणवत्ता दिशा निर्देश भी महज परामर्श हैं, वे बाध्यकारी प्रतिमान नहीं हैं। आईक्यूएयर की विश्व वायु गुणवत्ता रैंकिंग, डब्लूएचओ का ग्लोबल एयर क्वालिटी डेटाबेस, पर्यावरण प्रदर्शन इंडेक्स (ईपीआई) और ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीज मेट्रिक्स आदि आधिकारिक नहीं हैं। इनका मकसद महज विभिन्न देशों को अपना प्रतिमान तय करने में मदद देना भर है। तो यह सरकार का नजरिया है। प्रश्न है कि सरकार के पैमाने क्या हैं और उन पर लोगों को क्यों भरोसा करना चाहिए? वैश्विक सूचकांकों को तैयार करने में चूंकि सरकारी एजेंसियां शामिल नहीं होतीं, इसीलिए उनकी दुनिया भर में साख है। आखिर ऐसी सरकारों के प्रतिमानों की क्या विश्वसनीयता हो सकती है, जो हकीकत छिपाने और आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए बदनाम हों? बहरहाल, यह नजरिया भारतवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। यह जारी रहा, तो यही कहा जाएगा कि देश का वर्तमान जो भी हो, भविष्य तो कतई उज्ज्वल नहीं है।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिए आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। करीबी रिश्तेदार आपको अच्छी खबर देगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिए आप हमेशा तैयार रहेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर करने जाने का प्लान बनाएंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तें और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है। आज घर का माहौल अच्छा रहेगा।

मकर राशिः आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। किसी नये बिजनेस की शुरुआत के लिए लोन लेने के बारे में विचार करेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा।

# भारत की सबसे बड़ी समस्या वायु प्रदूषण

//अजीत द्विवेदी//

**राजधानी दिल्ली और राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर का हर शहर वायु प्रदूषण की आपदा का शिकार है। यह अलग बात है कि सरकार इसे आपदा स्वीकार करने को तैयार नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने राज्यसभा में बताया कि ऐसा कोई आंकड़ा देश में उपलब्ध नहीं है, जो किसी बीमारी या मृत्यु को सीधे तौर पर वायु प्रदूषण से जोड़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को सांस से संबंधित जो बीमारियां हो रही हैं उनमें हो सकता है कि एक कारण वायु प्रदूषण हो। इस तरह सरकार ने पल्ला झाड़ लिया और यह भी कह दिया कि सिर्फ वायु प्रदूषण से कोई बीमारी हो रही है या किसी की मौत हो रही है, इसका न कोई प्रमाण है और न कोई आंकड़ा है।**

दूसरी ओर लोकलसर्कल्स की ओर से कराए गए ताजा सर्वेक्षण में दिल्ली में 82 फीसदी लोगों ने माना है कि है उनके किसी न किसी परिचित या रिश्तेदार को वायु प्रदूषण के कारण सांस से जुड़ी बीमारी हुई है। आठ फीसदी लोग दिल्ली छोड़ कर जाने को तैयार हैं और 74 फीसदी लोग इलाज के खर्च को लेकर चिंता में हैं। यह सर्वे तब का है, जब पड़ोस के राज्यों में किसानों का पराली जलाना बंद हो चुका है और फिर भी एक्यूआई सरकारी रीडिंग की अधिकतम सीमा पांच सौ तक पहुंचा हुआ है!

असल में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई का लगातार 'खराब' या 'बेहद खराब' या 'गंभीर' और 'खतरनाक' श्रेणी में होना सिर्फ दिल्ली और एनसीआर की परिघटना नहीं है। धीरे धीरे यह पूरे देश की परिघटना बन गई है। देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हवा की खराब गुणवत्ता करोड़ों लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही है। गंगा यमुना के मैदानी इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं लेकिन देश के ज्यादातर शहरों में हवा के साथ जो अलग अलग साइज का पार्टिकुलेट मैटर यानी पीएम लोगों के फेफड़ों में भर रहा है वह लोगों की उम्र घटा रहा है। वह छोटे छोटे बच्चों के फेफड़े भी खराब कर रहा है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में देश के ढाई सौ से ज्यादा शहरों में हवा की गुणवत्ता को मॉनिटर किया गया और उनमें से डेढ़ सौ शहरों में पीएम 2.5 की मात्रा इसके लिए निर्धारित राष्ट्रीय औसत से ज्यादा मिली। इसके मुताबिक गंगा यमुना का मैदानी इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित है। 2025 में दिल्ली में सर्दियों के मौसम में प्रति घनमीटर हवा में पीएम 2.5 का स्तर 107 से 130 रहा, जो भारत में तय राष्ट्रीय औसत 60 से दोगुने से भी ज्यादा है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ ने तय किया है कि प्रति घनमीटर पीएम 2.5 का औसत 15 होना चाहिए। इसके मुताबिक आठ गुने से भी ज्यादा है। पीएम 2.5 सबसे बारीक और खतरनाक धूल कण होते हैं, जो सांस के साथ शरीर में जाते हैं और रक्त कोशिकाओं में घुल कर शरीर के हर हिस्से में पहुंच जाते हैं। ये समान रूप से हृद्य को, मस्तिष्क को और दूसरे अहम अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं।

हवा की खराब गुणवत्ता दिल्ली के लोगों के जीवन को किस तरह से मुश्किल में डाल रही है इसको शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स से समझा जा सकता है। इसके मुताबिक भारत में 46 फीसदी यानी लगभग आधे भारतीय ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां वायु प्रदूषण के कारण औसत आयु में कमी आ रही है। अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के ओर से तय पीएम 2.5 के औसत को आधार मान कर देखें तो दिल्ली में प्रति व्यक्ति औसत आयु आठ साल कम हो रही है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट 2025 के मुताबिक 2023 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में 20 लाख लोगों की मौत हुई है। प्रदूषण से जुड़ी मृत्युदर में सन 2000 के बाद से 40 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सोचें, एक तरफ इतनी बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं, जो किसी न किसी रूप में प्रदूषण से जुड़ी हैं तो दूसरी ओर सरकार कह रही है कि उसके पास वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारी और मौत का कोई आंकड़ा नहीं है! ऐसा कैसे हो सकता है कि सरकार पीएम 2.5 और पीएम 10 के लोगों की सांस के साथ फेफड़े में और उनकी धमनियों में जाने के असर का आकलन नही कर सके, जबकि यह आज की समस्या नहीं है? दो दशक से ज्यादा समय से सर्दियों में पार्टिकुलेट मैटर्स के हवा के साथ नीचे आने और सांस के रास्ते लोगों के शरीर में प्रवेश करने और रक्त प्रवाह में शामिल होकर कई किस्म की बीमारियों को जन्म देने का खतरा जानकारों द्वारा बताया जा रहा है। पर्यावरण का अध्ययन करने वाली संस्थाओं के साथ साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले जानकार और डॉक्टर लगातार इसे लेकर चेतावनी दे रहे हैं। कई अध्ययन यह बताते हैं कि अगर हवा में पीएम 2.5 के स्तर में 10 अंक की बढ़ोतरी होती है तो लंबे समय में यह मृत्यु दर को आठ फीसदी बढ़ा देता है और यह दिल की बीमारियों को कई गुना बढ़ाता है।

सरकार विदेशी एजेंसियों के आंकड़ों पर सवाल उठा सकती है। लेकिन क्या एम्स दिल्ली की रिपोर्ट को भी खारिज कर सकती है? एम्स दिल्ली का क्लीनिकल डाटा बताता है कि अगर पीएम 2.5 के स्तर में 10 अंक की बढ़ोतरी होती है तो बच्चों में सांस की बीमारियों में 20 से 40 फीसदी तक का इजाफा हो जाता है। उनके फेफड़े के काम करने की क्षमता 10 से 15 फीसदी तक कम हो जाती है। यह मामूली चिंता की बात नहीं है कि देश के छह फीसदी बच्चे अस्थमा जैसी बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं। जिस तरह से वायु प्रदूषण दिल और फेफड़े को प्रभावित करता है उसी तरह से यह मस्तिष्क को भी प्रभावित करता है। रक्त प्रवाह के साथ पीएम 2.5 जब ब्रेन तक पहुंचता है तो कई किस्म की न्यूरो समस्याओं को जन्म देता है। बच्चों में सोचने समझने की क्षमता को कम कर देता है और बड़े लोगों में याद्दाश्त को घटाता है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययन से पता चलता है कि पीएम 2.5 की 10 अंक की मात्रा बढ़ने पर डिमेंशिया का खतरा 35 से 50 फीसदी तक बढ़ जाता है।

वायु प्रदूषण का खतरा वैसे तो हर वर्ग के लोगों के लिए है लेकिन सड़क के किनारे रहने वाले और औद्योगिक क्षेत्रों में खुले में रहने वाले लोग इससे ज्यादा प्रभावित हैं। क्षेत्र के हिसाब से देखें तो पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारत की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वायु प्रदूषण को सीजनल समस्या मान कर संभालने का प्रयास किया जाता है। सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ता है तो पराली जलाने से लेकर दिवाली के पटाखों या गाड़ियों के प्रदूषण पर इसका ठीकरा फोड़ा जाता है। इसके बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्सन प्लान यानी ग्रैप के जरिए इसे काबू में करने का प्रयास होता है। लेकिन ग्रैप तात्कालिक उपाय है यह प्रदूषण रोकने का उपाय नहीं हो सकता है। इसकी बजाय पूरे साल गाड़ियों का धुआं, उद्योगों का धुआं, निर्माण और तोड़ फोड़ से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाने और हाउसहोल्ड बायोमास को रोकने का प्रयास होना चाहिए। चीन की मिसाल से इसे समझना चाहिए। चीन में भारत से ज्यादा गाड़ियां हैं और ज्यादा धुआं निकलता है लेकिन उसने वायु प्रदूषण पर काबू पा लिया है।

# जैम से जीवन भर की कमाई संकट में

//हरिशंकर व्यास//

**जनधन खाते, आधार और मोबाइल यानी जैम ने लोगों का जीवन निश्चित ही बदला है। पर इन्हीं तीनों चीजों ने लाखों लोगों के जीवन को और उनकी जीवन भर की कमाई को संकट में भी डाला है। याद करें जब नोटबंदी का फैसला विफल होने लगा था और काला धन रोकने का दावा फेल हुआ तो कहा गया था कि इससे डिजिटल लेन देन बढ़ेगी।**

देश की अर्थव्यवस्था ज्यादा संगठित होगी। उस समय यह भी कहा गया कि लोग नकदी लेकर चलते हैं तो लूट हो जाने या छीन लिए जाने या पैसे गिर जाने का खतरा है। जबकि यदि उनके पास प्लास्टिक मनी हुई या उनके खाते को मोबाइल फोन के जरिए एक्सेस करके भुगतान हो सकेगा या पैसे निकाले जा सकेंगे या मोबाइल वॉलेट में पैसे होंगे तो छीन लिए जाने का खतरा कम होगा। लेकिन आज हालात क्या है? इसका उलटा हुआ। पहले लोगों के थोड़े से पैसे लूटे या छीने जाते थे लेकिन अब तो पूरी जमापूंजी ही गायब हो जाने का खतरा है। असंख्य लोग एक फ्रॉड काल में अपनी पूरी जमापूंजी गंवा चुके हैं।

दूसरा संकट है कि इसमें असली ठगों की जगह दूसरे ऐसे लोग फंस रहे हैं, जिनका इससे कोई लेना देना नहीं होता है। वे अनजाने में या थोड़े से लालच में ठगों के जाल में फंसते हैं और फिर मुकदमे झेलते हैं। ऐसे लोगों में कॉलेज जाने वाले छात्र, बेरोजगार इंसान, गांवों में रहने और छोटे मोटे काम करके कमाई करने वाले लोग, बुजुर्ग या नशे के आदी लोग शामिल हैं। इनको पैसे का लालच देकर ऐसे काम के लिए कहा जाता है, जो इनकी नजर में गैरकानूनी नहीं होता है। सोचें, पहले जब लूटमार या छीनझपट होती थी तो उन घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरफ्तार होते थे। वे इस जोखिम को समझते थे इसलिए घटनाएं कम ही होती थी। लेकिन अब जो असल में लूट को अंजाम देता है वह कौन है, कहां बैठा है किसी को पता नहीं होता है। उसके काम का अंजाम दूसरे लोग भुगतते हैं। अब ठगी और लूट की ऐसी व्यवस्था बन गई है कि तकनीक की समझ रखने वाले लोग बहुत सहज तरीके से और कम जोखिम उठा कर ज्यादा लूट कर रहे हैं। इस लूट को आम बोलचाल की भाषा में साइबर फ्रॉड के नाम से जाना जाता है। लेकिन इसके कई हिस्से हैं। एक क्रेडिट और डेबिट कार्ड का फ्रॉड है तो दूसरा मोबाइल वॉलेट से पैसे निकालने का फ्रॉड है, बैंकिंग से जुड़े फ्रॉड अलग हैं और सबसे ज्यादा चर्चा में डिजिटल अरेस्ट का फ्रॉड है। आम लोगों के लिए इसमें चिंता की बात यह होती है कि पुलिस भी तकनीक को लेकर बहुत जानकार नहीं है। बहुत देर से देश में साइबर थाने बने और साइबर क्राइम रजिस्टर्ड होने लगा लेकिन तब भी इसकी जांच करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों की संख्या बहुत कम रही। जो ठगी करते हैं वे जांच करने वालों से मीलों आगे होते हैं। पारंपरिक ठगी और लूटमार में पुलिस अपने तरीके से अपराधियों तक पहुंच जाती है लेकिन साइबर अपराध में यह मुश्किल होता है। इसलिए साइबर अपराधियों के पकड़े जाने और लूटे गए पैसे की रिकवरी का औसत बहुत कम है। किस तरह से आम लोगों से ठगी होती है और कैसे उसमें सीधे सादे लोग फंसते हैं यह जानना हैरान करने वाला है। सरकार ने लोगों के बैंक खाते, आधार, पैन और मोबाइल नंबर को लिंक करके उनका काम आसान बना दिया है। अगर साइबर ठग के पास किसी व्यक्ति का कोई एक नंबर है तो वह बड़ी आसानी से उसकी सारी जानकारी हासिल कर सकता है। सबको पता है कि भारत में आए दिन डाटा लीक होता रहता है, जिससे आम लोगों की सारी जानकारी ठगों तक पहुंचती है। इसके अलावा साइबर ठग लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी ट्रैक करते हैं। वहां से वे आसामी चुनते हैं, जिनके साथ ठगी करनी है और वहीं से ऐसे लोगों को भी चुनते हैं, जिनका ठगी में इस्तेमाल करना है। वे ऐसे लोगों का एक नेटवर्क बनाते हैं। उनको यह मैसेज दिया जाता है कि वे घर बैठे भारी भरकम कमाई कर सकते हैं। इसके लिए उनको ऑनलाइन मूवी रिव्यू करने, उसे स्टार देने या किसी उत्पाद को लाइक करने या इस तरह के छोटे मोटे काम कराए जाते हैं और बदले में कुछ पैसे भेजे जाते हैं। उनको भरोसे में लेकर उनके खातों की जानकारी ली जाती है। खातों की जानकारी दूसरी तरह से भी ली जाती है। उनके मोबाइल में थर्ड पार्टी एक्सेस ऐप डाउनलोड करा भी ऐसा किया जाता है। किसी लिंक के जरिए भी ऐसा कराया जाता है। ठगों के पास ऐसे सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों खाते होते हैं, जिन्हें म्यूल मनी अकाउंट कहा जाता है। ठगी का पैसा इन खातों में ट्रांसफर किया जाता है।

# ट्रंप का पुतिन से पुराना याराना व साठगांठ

दिसंबर में पुतिन, जनवरी में शायद ट्रंप और फिर शी जिनपिंग के गले लगना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नियति है। इन तीनों विश्व नेताओं के लिए नरेंद्र मोदी इसलिए उपयोगी हैं क्योंकि भारत कमाई का बाजार है। बाजार भी ऐसा, जिसमें कुछ भी, मनचाहे दाम पर बेचा जा सकता है। भारत में चीन के सस्ते और घटिया उत्पादों की भी खपत है तो रूस के दोयम दर्जे के हथियार भी उसकी आवश्यकता है। वही अमेरिकी सोशल मीडिया से लेकर मैकडोनाल्ड, केएफसी, पेप्सी, कोक सब तो गरीब, मध्य वर्ग, अमीर भारतीयों की भूख है!

इसलिए जो ज्ञानी, कूटनीतिज्ञ, विशेषज्ञ पुतिन की भारत यात्रा से भूराजनीति, सुरक्षा, सामरिक रिश्तों में करवट या डोनाल्ड ट्रंप को जवाब जैसी बड़ी बातें बोल रहे हैं वह सब फालतू है। पुतिन से सिर्फ भारत खरीदेगा। भारत-रूस की दोस्ती से भारत की सामरिक-भूराजनीतिक गणित में रत्ती भर इजाफा नहीं है।

वह वक्त अलग था जब सोवियत संघ तथा चीन में झगड़ा था, उनकी सीमा पर तनाव था। पर तब भी (1962 में चीन के हमले के समय) भी सोवियत संघ याकि रूस भारत की मदद के लिए नहीं दौड़ा था। तब ब्रिटेन, अमेरिका से ही इमरजेंसी सप्लाई थी। सोवियत संघ के बिखराव के बाद का रूस अब पुतिन राज से यूक्रेन युद्ध के चलते चीन का मोहरा सा है तो कल्पना करें कि यदि चीन ने अरूणाचल को हड़पने की सैनिक कार्रवाई की तो पुतिन क्या भारत की मदद में दौड़ेंगे?

हां, पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, नेपाल या श्रीलंका मतलब पूरे दक्षिण एशिया की भूराजनीति में अब चीन की बिसात में रूस, भारत का नहीं बल्कि चीन का प्यादा है और रहेगा। यही मायने वाला सत्य है। पर पश्चिमी दुनिया में अछूत हुए रूस के लिए भारत की उपयोगिता भारी है। भारत उससे तेल, हथियार सब खरीदता है और इस व्यापार में उसे मुनाफा ही मुनाफा है। साथ ही भारत अहसान मानते हुए वैश्विक मंचों, संयुक्त राष्ट्र में रूस को लेकर तटस्थ या समर्थक होता है। तभी भारत-रूस की दोस्ती न केवल पुरानी है, बल्कि टिकाऊ है।जाहिर है मौजूदा रिश्ते भारत के उस बाजार के हित से हैं, जिससे एक तरफ भारत की हथियार-ईंधन आवश्यकता पूरी होती है तो दूसरी तरफ रूस के लिए मुनाफे के नाते भारत के एकाधिकारी बाजार का स्थायी मौका है।वही अमेरिका के राष्टपति ट्रंप भारत के बाजार को अपनी शर्तों में ढलवाने के लिए उस पर इन दिनों टैरिफ शिकंजा बनाए हुए हैं। तथ्य है कि रूस और चीन भारत के बाजार में बेइंतहां मुनाफा कमाते हैं वही अमेरिका हमेशा से घाटे में रहा है। उसकी यह स्थिति चीन के साथ व्यापार में भी है लेकिन चीन को अमेरिका झुका नहीं सकता। तभी ट्रंप ने चीन से समझौता किया है। मगर वे भारत को झुकाने पर आमादा हैं। फालतू बात है कि भारत के पुतिन कार्ड से ट्रंप घबराएंगे। मेरा मानना है कि जनवरी-फरवरी में मोदी सरकार ट्रंप प्रशासन के साथ करार कर लेगी। उससे संभव है यह हेडलाइन बनवाई जाए कि पुतिन के साथ कूटनीति से प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप प्रशासन को मजबूर किया। जबकि असलियत में ट्रंप का पुतिन से पुराना याराना व साठगांठ है।

बहरहाल, इससे सर्वाधिक फायदे में चीन और शी जिनपिंग है। कोई न माने इस तथ्य को लेकिन कूटनीतिक-भूराजनीतिक-व्यापारिक पैमानों सभी में सन् 2025 का वर्ष इतिहास में चीन के अमेरिका के बराबर आ खड़े होने के ऐतिहासिक वर्ष के रूप में जिक्र होगा। अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने अपनी मूर्खताओं में चीन को बराबरी की महाशक्ति बना दिया है। और सोचें चीन की नई वैश्विक क्षत्रपता में रूस क्या है? उसका एक मोहरा। और भारत क्या है? चीन, रूस और अमेरिका तीनों का एक कैप्टिव बाजार! क्या नहीं?

## तस्वीरों की दुनिया



बीजेपी राज्य कार्यालय में पार्टी की संगठनात्मक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित कर रहे हैं, जबकि ब्रजेश पाठक और केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी देख रहे हैं।



असम के नामरूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के आने वाले यूरिया प्लांट के भूमि पूजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सम्मानित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नामरूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के आने वाले यूरिया प्लांट के भूमि पूजन के दौरान भाषण दिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी के बोरागांव में स्वाहिद स्मारक क्षेत्र में असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी दिखे।



एआईसीसी प्रवक्ता रागिनी नायक बसोया ने गुवाहाटी में राजीव भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।


एक ठंडी सर्दियों की सुबह, कर्तव्य पथ पर घने कोहरे की चादर छाई हुई थी और विजिबिलिटी बहुत कम थी, जिसके बीच पर्यटक टहलते हुए दिखे।


तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में नए चुने गए स्थानीय निकाय सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान केरल बीजेपी अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर उम्मीदवार का अभिवादन करते हुए, जबकि दूसरे लोग देख रहे हैं।

# कोडीन कफ सिरप के मुद्दे पर यूपी विधानसभा में हंगामा

## सपा की नारेबाजी, बीजेपी का पलटवार



**लखनऊ, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज कोडीन कफ सिरप से लेकर एसआईआर के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखने को मिल रहा है। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने कोडीन कफ सिरप मामले पर जोरदार हंगामा किया। विपक्ष ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की और नारेबाजी करते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सुबह कार्यवाही शुरू होते ही सपा विधायकों ने सदन में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि कोडीन आधारित कफ सिरप की तस्करी और इसके दुरुपयोग पर सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोडीन से उत्तर प्रदेश में एक भी मौत नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष को आश्वस्त किया कि सरकार इस मामले में गंभीर है। वहीं सपा का आरोप है कि सरकार माफियाओं को बचा रही है। सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा, सरकार ऐसे माफियाओं को बचाने की कोशिश कर रही है। अब उनके बुलडोजर का ड्राइवर सो गया है, यह बहुत गंभीर मामला है और कार्रवाई होनी चाहिए।

राज्य मंत्री असीम अरुण ने सपा पर पलटवार करते हुए कहा, यह साफ है कि किस पार्टी के लोग इस कफ सिरप मामले में शामिल हैं। अपना अपराध छिपाने के लिए आज वे प्रदर्शन कर रहे हैं। मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि विकास और वंदे मातरम पर चर्चा जरूरी है. सदन चर्चा का केंद्र है। वंदे मातरम के 150 साल पूरे हो रहे हैं। विपक्ष हर चीज का विरोध करता है, विकास के लिए पैसे चाहिए, इसलिए अनुपूरक बजट आ रहा है। वहीं सपा विधायक जाहिद बेग ने कहा कि वंदे मातरम का कोई विरोध नहीं है। लेकिन बीजेपी के लोग आजादी की लड़ाई में शामिल नहीं थे।

# अजमेर शरीफ दरगाह में पीएम मोदी की चादर चढ़ाई, केंद्रीय मंत्री पहुंचे



**अजमेर 22 दिसम्बर।** अजमेर दरगाह में चल रहे 814वें सालाना उर्स पर पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से आज चादर चढ़ाई गई। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पीएम की ओर से भेजी गई चादर लेकर अजमेर पहुंचे थे।सुरक्षा को देखते हुए पुलिस तैनात की गई। इससे पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सर्किट हाउस में मीडिया से कहा था कि चादर पीएम, सरकार हम सभी की तरफ से है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, भागीरथ चौधरी और मंत्री सुरेश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि महफिल खाने में पहुंचे। उन्होंने चादर पेश कर देश में अमन चैन शांति भाईचारा बना रहे की दुआ मांगी गई है। दरगाह दीवान के पुत्र नसरुद्दीन चिश्ती की ओर से स्वागत कर उर्स की मुबारक दी गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की ओर से चादर पेश की गई। यह चादर लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद साबिर ने पेश की। दरगाह के खादिम जुहूर बाबा चिश्ती ने उन्हें जियारत कराई। जियारत के बाद अकीदत और सम्मान के साथ चादर दरगाह शरीफ में पेश की गई। चादरपोशी के दौरान सूफियाना परंपराओं का पालन करते हुए मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

## इंडोनेशिया में भीषण सड़क हादसा

# कंक्रीट के बैरियर से टकराई बस, 16 लोगों की मौत



**जकार्ता, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** इंडोनेशिया में एक भीषण सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। हादसा स्थानीय समयनुसार सोमवार आधी रात को हुआ, जब 34 यात्रियों को लेकर जा रही बस एक कंक्रीट के बैरियर से टकरा गई। हादसे में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए हैं। सर्च और राहत एजेंसी के प्रमुख बुडियोनो ने बताया कि बस ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस एक कंक्रीट के बैरियर से टकराकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस राजधानी जकार्ता से प्राचीन शाही शहर योग्यकार्ता जा रही थी। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुडियोनो ने कहा, तेज टक्कर से कई यात्री बाहर गिर गए और बस की बॉडी में फंस गए।

पुलिस और बचाव दल दुर्घटना के लगभग 40 मिनट बाद पहुंचे और घटनास्थल पर मारे गए छह यात्रियों के शव बरामद किए। बुडियोनो ने बताया कि अन्य 10 लोगों की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है और 13 अन्य लोग भी गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दिखाया गया कि पीली बस अपने किनारे पर पलटी हुई थी और नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के कर्मियों, पुलिस और राहगीरों से घिरी हुई थी, जबकि एम्बुलेंस पीड़ितों और मृतकों को ले जा रही थी।

# टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं ने बनाई नई पार्टी, बंगाल में इतने सीटों पर चुनाव लड़ सकती है जनता उन्नयन पार्टी



**कोलकाता, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी अलग राजनीतिक पार्टी का ऐलान कर दिया है। कबीर ने अपनी पार्टी का नाम जनता उन्नयन पार्टी रखा है। पार्टी के चुनाव चिन्ह के लिए हुमायूं कबीर ने कहा कि उनकी पहली पसंद टेबल है। दूसरी पसंद जोड़े गुलाब (ट्विन रोजेज) है। हुमायूं कबीर ने बताया कि वह जरूरत पड़ने पर सभी 294 सीटों पर अपने उम्मीवार उतारेंगे। हालांकि आज दोपहर में वह जिले के रेजीनगर में आयोजित सभा से पार्टी के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे।

सभा को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।हुमायूं ने मीडिया से कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ आम लोगों के विकास की बात करेगी। उसी आधार पर जनता उन्नयन पार्टी नाम रखा गया है। उन्नयन का मतलब विकास है। कबीर ने तृणमूल और भाजपा के विरोधियों से अपील की कि वे एकजुट हों और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने के लिए गठबंधन में चुनाव लड़ें।

# सीएएफ जवान की हत्या, बटालियन कैंप में ही आरक्षक ने मार दी गोली



**खैरागढ़।** घाघरा बटालियन कैंप में बीती रात एक सीएएफ जवान को उसी कैंप के दूसरे जवान ने गोली मार दी। मृतक जवान गहरी नींद में सोया हुआ था, इसी दौरान आरोपी ने गोली चलाकर उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक जवान की पहचान सोनवीर जाट के रूप में हुई है, जो उत्तरप्रदेश का निवासी था। वह छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में घाघरा गांव स्थित बटालियन (छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल) में पदस्थ था। उसी कैंप में पदस्थ अरविंद गौतम (आरोपी) से उसकी किसी बात को लेकर लंबे समय से रंजिश थी। बीती रात सोनवीर कैंप में आकर सोया, जैसी ही वह गहरी नींद में गया, मौका पाकर आरोपी ने उस पर गोली चलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद कैंप में हड़कंप मच गया। कैंप में मौजूद अन्य जवानों ने मिलकर घायल जवान सोनवीर को सोमवार तड़के खैरागढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतक जवान के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पकने के बाद जहरीला हुआ कोदो चावल, 6 ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ी

**बलरामपुर।** जिले के त्रिकुंडा गांव में रविवार को कोदो चावल को खाने के कारण एक ही परिवार के 6 लोग बीमार पड़ गए हैं। शाम तक सभी लोगों को उल्टी की शिकायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया है। इनमें एक 15 साल का बालक भी शामिल है। दरअसल , एक ही परिवार के बसमतीया, देव कुमार, सुनीता, रामबकस, मिस्त्री और आकाश ने रविवार को दोपहर के वक्त कोटो चावल का सेवन किया. शाम तक सभी लोगों को उल्टी होने लगी और चक्कर आने लगा। इसके बाद सभी को सिविल अस्पताल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है. चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में फूड पॉइजनिंग की पुष्टि की है। प्रारंभिक जांच में कुंदरु की सब्जी को ही कारण माना जा रहा है, हालांकि लैब रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने मानिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर लगाई रोक, विधायकी रहेगी बरकरार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीमकोर्ट ने 1995 के धोखाधड़ी मामले में सीनियर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता माणिकराव कोकाटे की सजा पर रोक लगा दी है, जिससे वह विधायक के तौर पर अयोग्य नहीं होंगे।

## सूमो और पिकअप में टक्कर से युवक की मौत, गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**दुर्ग।** जिले में नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूमो ड्राइवर वाहन में ही फंस गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान गिरहौला निवासी अमन कुमार बंधे (23) के रूप में हुई है। अमन रविवार की शाम सूमो वाहन से अहिवारा से धमधा की ओर जा रहा था। इसी दौरान नंदिनी-खुंदनी के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप से उसकी सूमो की सीधी भिड़ंत हो गई।

# मिट्टी से लदे डंपर में पीछे से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौत



**बिजनौर।** नांगल- चंदक मार्ग पर गांव अभिपुरा के निकट एक क्रेटा कार मिट्टी के डंपर के पीछे टकरा गई। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कटवाकर शवों को निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रात करीब 11=15 बजे गांव अभिपुरा के निकट कोहरे के कारण कार मिट्टी से भरे डंपर के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार गांव सराय आलम निवासी कारी इकबाल (65), मंडावली क्षेत्र के गांव राहतपुर निवासी अशफाक (65), एहतेशाम (25) और सलाउद्दीन (26) की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी राहतपुर खुर्द गांव में एक दिवसीय जलसे में शामिल होकर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतकों के पास मिले पहचानपत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन रात में ही पोस्टमार्टमार्ट हाउस पहुंच गए। एसपी अभिषेक झा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी की। सोमवार सुबह तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# नहीं थम रही पत्थरबाजी! फरवरी से अब तक वंदेभारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की हुई 16 घटनाएं

**रायबरेली, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** दो आरपीएफ पोस्ट के अन्तर्गत फरवरी से अब तक 16 घटनाएं पत्थरबाजी की हो चुके हैं। जिसमें अभियुक्तों के गिरफ्तार करने के लिए टीमें जांच कर रही हैं। जिसके विचाराधीन होने के पीछे वंदेभारत के मंगाए गए फुटेज साफ न मिलने के साथ ही सिविल पुलिस से भी सहयोग मांगा गया है। वंदेभारत एक्सप्रेस पर अब तक पत्थरबाजी की गई घटनाएं हो चुकी है। इसको लेकर रेलवे ने ट्रेन निकलने के समय सात हॉटस्पॉट चयनित कर सुरक्षा बल भी तैनात किए, इसके बाद भी घटना पर रोक नहीं लग पा रही हैं। वंदेभारत पर अब तक 27 फरवरी को बछरावां व उतरेठिया के बीच, पांच मार्च को रायबरेली स्टेशन पर, 16 अप्रैल को बछरावां रेलवे स्टेशन के अंतर्गत, 13 मई को ऊंचाहार व लक्ष्मणपुर स्टेशन के बीच, 19 मई को रायबरेली स्टेशन के पास, तीन जून को कुंडा व ऊंचाहार स्टेशन के बीच, पांच जून को ऊंचाहार से भदरी स्टेशन के बीच, 11 जून को ऊंचाहार-लक्ष्मणपुर स्टेशन के बीच, 11 अगस्त को ऊंचाहार से लक्ष्मणपुर स्टेशन के बीच, 21 अगस्त को प्रयागराज से ऊंचाहार के बीच, 15 सितंबर को लक्ष्मणपुर और ऊंचाहार के बीच पत्थरबाजी की घटना हो चुकी हैं। आठ अक्टूबर को गाड़ी संख्या 22549 वंदे भारत एक्सप्रेस पर रायबरेली से प्रयागराज जाते समय लक्ष्मणपुर व ऊंचाहार रेलवे स्टेशन के बीच, 29 अक्टूबर को प्रयागराज से ऊंचाहार के बीच, 14 दिसंबर को कुंडा से ऊंचाहार के बीच, 15 दिसंबर को श्रीराजनगर से निगोहां स्टेशन के बीच, 18 दिसंबर को कुंडा से ऊंचाहार के बीच पत्थरबाजी हुई।

## व्हाट्सएप पर अब फोटो भेजकर लूट रहे हैं ठग! ये नया स्कैम आपको कंगाल कर देगा

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और चौंकाने वाला तरीका अपनाया है।



व्हाट्सएप पर सड़क हादसे की फर्जी फोटो भेजकर एक युवक का मोबाइल हैक कर लिया गया और कुछ ही मिनटों में उसके बैंक खाते से 4 लाख 44 हजार रुपये उड़ा लिए गए. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, गल्ला मंडी निवासी प्रशांत वर्मा के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को हादसे की सूचना देने वाला बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है और मृतक की जेब से आपका का पहचान पत्र मिला है. घबराए प्रशांत को व्हाट्सएप पर हादसे की एक फोटो भेजी गई, जिसे डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से लगातार ट्रांजैक्शन होने लगे।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में जनता ने विकास और सुशासन को वोट दिया: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नगर पंचायत व नगर परिषद चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि नतीजों से यह साफ हो गया कि जनता सुशासन और विकास की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश के लोकल बॉडी चुनावों के नतीजों से पता चलता है कि भारत की जनता सुशासन और विकास की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है, जो भाजपा की पहचान है। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप पर पूरा भरोसा है। मैं महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को उनके समर्थन के लिए और पार्टी कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र विकास के साथ मजबूती से खड़ा है। नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भाजपा और महायुति को आशीर्वाद देने के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभारी हूं। यह जन-केंद्रित विकास के हमारे दृष्टिकोण में विश्वास को दर्शाता है। हम राज्यभर के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं भाजपा और महायुति कार्यकर्ताओं की जमीनी स्तर पर की गई कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र में नगर पंचायत और नगर परिषद के चुनाव में महायुति की ऐतिहासिक विजय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एनडीए के सदस्यों व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि महायुति की यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता का अटूट समर्थन दर्शाती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन को ऐतिहासिक जनादेश बताया है।

# बीजेपी पार्षद रेणु चौधरी दिल्ली के पटपड़गंज पार्क में SA नेशनल को धमकी देती दिख रही



**नईदिल्ली।** प्रतापगंज की बीजेपी पार्षद रेणु चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें वे एक साउथ अफ़्रीकी नागरिक को हिंदी न बोलने पर धमका रही हैं। वायरल क्लिप में, चौधरी एक पब्लिक पार्क में लोगों के एक ग्रुप से गुस्से में भिड़ती दिख रही हैं, जिसमें एक साउथ अफ़्रीकी फ़ुटबॉल कोच भी शामिल है, जो कई सालों से लोकल बच्चों को ट्रेनिंग दे रहा है। ज़ोर-ज़ोर से हिंदी में बोलते हुए, पार्षद गुस्से में दिख रही हैं क्योंकि वह पूछ रही हैं कि विदेशी नागरिक ने भाषा क्यों नहीं सीखी। इस दौरान, चौधरी ग्रुप पर उन्हें सीरियसली न लेने का आरोप लगाती हैं और कोच के हिंदी न बोल पाने का कारण पूछती हैं। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, अगर वह एक महीने के अंदर हिंदी नहीं सीखता है, तो उससे यह पार्क छीन लो।

## फर्जी पुलिस कमिश्नर बनकर एक करोड़ की ठगी, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई 22 दिसम्बर।** मुंबई में एक गैस डीलर से फर्जी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बनकर 1 करोड़ रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस ममाले में शिकायत के आधार पर दिंडोशी पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(4), 308(5), 308(6) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब पीड़ित गैस डीलर को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, मालाड पूर्व निवासी राहुल गुप्ता (39) भारत पेट्रोलियम गैस के बड़े डीलर हैं। 15 दिसंबर को वह बिना किसी सूचना के घर से अचानक लापता हो गए थे। उनकी पत्नी ने दिंडोशी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने 19 दिसंबर को राहुल को पालघर के दहानू रेलवे स्टेशन से सुरक्षित ढूंढ निकाला। पुलिस पूछताछ के दौरान राहुल ने जो आपबीती सुनाई, उसने सभी को हैरान कर दिया।

# इसी अराजकता ने मेरी सरकार उखाड़ फेंकी..., शेख हसीना ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर और क्या कहा?



**ढाका, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** बांग्लादेश में छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेशी सरकार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शेख हसीना ने कहा कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर के शासन में अराजकता फैल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ये भी कहा कि बांग्लादेश से उनके जाने के बाद से स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। ऐसी स्थिति से बांग्लादेश के साथ ही पड़ोसी मुल्क भारत से भी रिश्ते बिगड़ सकते हैं। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने एएनआई को दिए ई-मेल इंटरव्यू में कहा कि अंतरिम प्रशासन के तहत किसी युवा नेता की हत्या देश में हिंसा को बढ़ावा दे रही है। शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति बांग्लादेश के अंदर तो अस्थिरता पैदा कर ही रही है, लेकिन ऐसे हालात पड़ोसी मुल्कों के साथ ही रिश्ते खराब कर सकते हैं, खासतौर पर भारत के साथ। शेख हसीना ने आगे कहा कि यह दुखद हत्या उस अराजकता को दर्शाती है जिसने मेरी सरकार को उखाड़ फेंका और मोहम्मद यूनुस के शासन में यह और भी बढ़ गई है। बांग्लादेश की पूर्व पीएम ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा एक आम बात हो गई है, जबकि अंतरिम सरकार या तो इसे नकारती है या इसे रोकने में असमर्थ है। शेख हसीना ने आगे कहा कि भारत अराजकता, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और दोनों देशों द्वारा साथ मिलकर बनाई गई हर चीज को बर्बाद होते देख रहा है। जब आप अपनी सीमाओं के भीतर बुनियादी व्यवस्था बनाए नहीं रख सकते, तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर आपकी विश्वसनीयता खत्म हो जाती है।

## दिल्ली से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, वापस लौटा विमान



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के एक विमान को टेक ऑफ के कुछ देर बाद ही वापस दिल्ली में लैंडिंग करनी पड़ी। एयरलाइन कंपनी के बयान के अनुसार, इस विमान को दिल्ली से मुंबई जाना था। जानकारी के अनुसार, सोमवार को दिल्ली से मुंबई जाने वाली AI887 फ्लाइट को टेक ऑफ के बाद एक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके बाद विमान ने दिल्ली में वापस लैंडिंग की। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत दिल्ली में विमान की लैंडिंग कराई गई है। विमान में सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। सभी को विमान से नीचे उतारा गया है और उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## गेस्ट हाउस में लगी आग से मची खलबली फायर ब्रिगेड की टीम ने 17 लोग सुरक्षित निकाले

**आगरा।** ईदगाह रेलवे स्टेशन के पास एस्सार रेस्टोरेंट में सोमवार सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। आगंतुक काउंटर के पास तारों में शार्ट सर्किट से आग लगने पर पूरे रेस्टोरेंट में धुआं भर गया। सुबह के समय रेस्टोरेंट में ठहरे 17 लोग गहरी नींद में थे। उनमें अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने रेस्टोरेंट से 17 लोगों को सुरक्षित बाहर निकला। एक घंटे प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना सुबह 5.40 बजे की है। ईदगाह रेलवे स्टेशन के पास कटघर स्थित रेस्टोरेंट एवं होटल के आगंतुक काउंटर के पास तारों की लाइन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे होटल के अंदर धुंआ भर गया। होटल के कर्मचारियों आग को अपने स्तर से काबू करने का प्रयास किया। तब तक धुंआ पूरे होटल के अंदर फैल चुका था। वहां ठहरे 17 लोग गहरी नींद में थे। आग लगने की जानकारी होने पर वहां ठहरे लोगों में अफरातफरी और दहशत फैल गई।

# कोलकाता में भीषण अग्निकांड: रात में सोते हुए जल गए एक ही परिवार के चार लोग, गंगा पूजा के दौरान हादसा



**कोलकाता, 22 दिसम्बर [एजेंसी]।** हावड़ा जिले के जयपुर थाना अंतर्गत साउड़िया सिंहपाड़ा में आधी रात को एक कच्चे मकान में आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 75 वर्षीय दुर्योधन दोलुई, 42 वर्षीय दूधकुमार दोलुई, 38 वर्षीय अर्चना दोलुई और 14 वर्षीय शम्पा दोलुई के रूप में हुई है। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर एक ही कमरे में सो रहे थे। देर रात अचानक आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के अंदर मौजूद किसी भी सदस्य को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसी बीच आग की तपिश और लपटों के कारण घर की एस्बेस्टस की छत उनके ऊपर गिर गई, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई और चारों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार को गांव में गंगा पूजा के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण गांव के अधिकांश लोग वहीं व्यस्त थे। रात करीब 12 बजे जब यह हादसा हुआ, तब आसपास लोगों की मौजूदगी कम थी और बाकी लोग सो रहे थे, इसलिए शुरुआत में किसी का ध्यान आग की ओर नहीं गया।

बाद में जब चीख-पुकार मची, तब ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाया। जयपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर चारों शवों को बरामद किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए उलुबेरिया के शरत चंद्र चट्टोपाध्याय गवर्नमेंट मेडिकल कालेज एवं अस्पताल भेज दिया है। पुलिस और दमकल विभाग की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।



## मैं इंडस्ट्री में डांस या रोमांस करने नहीं आई हूं : सिद्धि इदनानी

तमिल सिनेमा में इन दिनों फिल्म रेट्टा थाला की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म ने अपने दमदार ट्रेलर से लोगों का ध्यान खींचा। इस फिल्म का निर्देशन कृष्ण थिरुकुमारन कर रहे हैं। इसमें अभिनेता अरुण विजय और अभिनेत्री सिद्धि इदनानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर सिद्धि इदनानी ने कहा है कि वह सिर्फ ग्लैमर के लिए नहीं, बल्कि दमदार किरदार निभाने के लिए सिनेमा में आई हैं।

रेट्टा थाला के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री सिद्धि इदनानी ने अपने किरदार और फिल्मों में महिलाओं की भूमिका को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं उन अभिनेत्रियों में से नहीं हूं, जो केवल स्क्रीन पर आकर डांस या रोमांस करें और फिर कहानी से गायब हो जाएं। मेरा मानना है कि महिलाओं के किरदार भी कहानी को आगे बढ़ाने की ताकत रखते हैं और मेरे किरदार को भी उसी अंदाज में दिखाया जाना चाहिए।

रेट्टा थाला में अपने किरदार को लेकर सिद्धि इदनानी ने बताया कि उनका किरदार आंद्रे नाम की एक मजबूत महिला का है। यह किरदार सिर्फ हीरो की साथी का नहीं है, बल्कि फिल्म की कहानी को नई दिशा देने में भी अहम भूमिका निभाता है। आंद्रे का एक मकसद है और वह कई मायनों में फिल्म की ड्राइविंग फोर्स है। ऐसे रोल देने के लिए मैं निर्देशक कृष्ण थिरुकुमारन का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, क्योंकि इस तरह का किरदार मिलना किसी भी अभिनेत्री के लिए गर्व की बात होती है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, आंद्रे एक मजबूत सोच वाली महिला है, जो किसी भी परिस्थिति में अपने फैसलों पर डटी रहती है। वह हालात से समझौता नहीं करती और अपने आत्मसम्मान और उद्देश्य के लिए खड़ी रहती है। इस किरदार को निभाते हुए मैंने भी यही सीखा कि जिंदगी में अपने विचारों और मूल्यों पर टिके रहना कितना जरूरी है।

फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो इसमें जबरदस्त एक्शन, इमोशनल ड्रामा, रोमांस और बदले की कहानी की झलक देखने को मिलती है, जो दर्शकों का मनोरंजन करेगी।इससे पहले अभिनेता अरुण विजय ने फिल्म को लेकर बताया था कि रेट्टा थाला एक एक्शन थ्रिलर है, जो इंसान के भीतर मौजूद अच्छे और बुरे पहलुओं को दिखाती है। फिल्म में यह देखने को मिलेगा कि जब किसी व्यक्ति के अंदर छिपे ग्रे शेड्स एक साथ बाहर आने लगते हैं, तो हालात कैसे बदलते हैं।

अरुण विजय ने बताया कि वह इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। एक किरदार का नाम मालपे उपेन्द्र है, जबकि दूसरे का नाम काली है। दोनों किरदारों की सोच और स्वभाव अलग-अलग हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं।फिल्म में अरुण विजय और सिद्धि इदनानी के अलावा, तान्या रविचंद्रन, योगी सामी, जॉन विजय, हरीश पेरादि और बालाजी मुरुगदास जैसे नाम शामिल हैं।

## ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहन छा गई 'लापता लेडीज' की नितांशी गोयल, खूबसूरती देख हो जाएंगे दीवाने



लापता लेडीज जैसी बेहतरीन फिल्म से रातों-रात कामयाबी हासिल करने वाली यंग एक्ट्रेस नितांशी गोयल इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. अपनी एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों का दिल जीतने वाली नितांशी अब अपने शानदार फैशन सेंस और स्टाइलिश अवतार से भी सबको इंप्रेस कर रही हैं.

नितांशी ने एक बेहद खूबसूरत व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. एक बार फिर फैंस के दिल में उतर गया है और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. नितांशी गोयल ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं.

नितांशी के लेटेस्ट लुक को देखकर कोई भी इस हसीना से अपनी नजरें हटा नहीं पाएगा. इन तस्वीरों में नितांशी ने एक व्हाइट एलिगेंट फ्लोरल बॉडीकॉन पहना है, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं. यह आउटफिट उन पर बहुत जच रहा है. नितांशी ने अलग-अलग पोज देते हुए ये पिक्चर्स शेयर की हैं.

जानकारी के मुताबिक, नितांशी ने यह आउटफिट एक अवॉर्ड शो के लिए पहना था, और वाकई उनका यह फैशन सिलेक्शन बहुत शानदार था. एक्ट्रेस इस ड्रेस में बेहद क्यूट और मासूम लग रहीं हैं.

इस गाउन के नीचे बेहद बारीक और शानदार डिजाइन की गई है. इसमें बेहतरीन थ्रेड वर्क का उपयोग करते हुए फ्लोरल पैटर्न बनाए गए हैं, जो इस ड्रेस की सुंदरता पर चार चांद बना रहा है. इस डिजाइन ने नितांशी के पूरे लुक में एक रॉयल और फेमिनिन टच जोड़ दिया है.

इस खूबसूरत आउटफिट को कैरी करते हुए नितांशी ने अपनी लीन बॉडी को भी बखूबी फ्लॉन्ट किया है. नितांशी ने अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए एक बेहद क्लासी और आकर्षक नेकपीस कैरी किया. इस नेकपीस में मल्टीकलर के स्टोंस लगे हुए हैं.

वहीं, मेकअप और हेयरस्टाइल की बात करें तो नितांशी ने इसे सिंपल लेकिन खुद को ग्लैमरस दिखाया है. उन्होंने सॉफ्ट पिंकिश मेकअप चुना, जो उनकी नैचुरल ब्यूटी को उभार रहा था. खुले, वेवी बालों के साथ उन्होंने अपना यह लुक कंप्लीट किया.

# अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखते हुए चुनें स्क्रब, नहीं होगा कोई नुकसान

त्वचा की देखभाल करते समय कई स्टेप्स का पालन करना पड़ता है, जिनमें एक्सफोलिएशन भी अहम है। इसमें स्क्रब की मदद से चेहरे को साफ करना शामिल होता है। इससे रोमछिद्रों में फंसी अशुद्धियां, धूल-मिट्टी, ब्लैकहेड्स और मृत त्वचा का सफाया हो जाता है। त्वचा विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सभी को अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखते हुए ही स्क्रब का चुनाव करना चाहिए। आइए जानते हैं किस प्रकार की त्वचा के लिए कौन-सा स्क्रब सही रहेगा।

तैलीय त्वचा के लिए स्क्रब

जिन लोगों की त्वचा तैलीय होती है, उनके चेहरे पर हर वक्त पसीना और तेल नजर आता रहता है। ऐसे लोगों को ऐसा स्क्रब इस्तेमाल करना चाहिए, जो रोमछिद्रों में भरे हुए तेल को अच्छी तरह साफ करे और त्वचा को शुष्क बनाए। आपको सैलिसिलिक एसिड युक्त स्क्रब चुनना चाहिए, जिसमें अतिरिक्त तेल सोखने की क्षमता होती है। आपके लिए चारकोल और क्ले वाला स्क्रब भी सही रहेगा, जो सौम्यता से त्वचा को एक्सफोलिएट करेगा।

शुष्क त्वचा के लिए स्क्रब

शुष्क त्वचा वाले लोगों को नमी प्रदान करने वाला स्क्रब लगाना चाहिए, ताकि त्वचा खींची-खींची न लगे। आप नारियल, बादाम और जोजोबा जैसे तेलों वाला स्क्रब चुन सकते हैं। इसके अलावा शिया बटर और शहद वाले क्रीमी स्क्रब भी त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकते हैं। हल्के एक्सफोलिएशन के लिए चीनी या बारीक दानों वाले स्क्रब का इस्तेमाल करें। वहीं, नमी को खत्म होने से बचाने के लिए कठोर कणों या अल्कोहल युक्त स्क्रब उपयोग न करें।

संवेदनशील त्वचा के लिए स्क्रब

कुछ लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, जिसे हर उत्पाद सूट नहीं करता। ऐसे लोगों की त्वचा आसानी से मुंहासों का शिकार हो जाती है और लाल पड़ने लगती है। अगर आपकी त्वचा भी संवेदनशील है तो जोजोबा बीड्स या चावल के पाउडर वाले मुलायम कणों वाला स्क्रब आपके लिए सही रहेगा। ओटमील, एलोवेरा और शहद जैसी आराम देने वाली सामग्रियों से लैस स्क्रब चुनें। ऐसे स्क्रब से परहेज करें, जिनमें खुशबु, अल्कोहल या सल्फेट आदि हो।

क्षतिग्रस्त त्वचा के लिए स्क्रब

अगर आपकी त्वचा प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है तो आपको स्क्रब चुनते समय ज्यादा सावधानी बरतनी होगी। आप एवोकाडो से बना स्क्रब इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसमें विटामिन-श्व और फैटी एसिड मौजूद होते हैं। ये तत्व त्वचा की सुरक्षात्मक परत को बहाल करने में मदद करेंगे और नमी प्रदान करके उसे बनाए भी रखेंगे। इसमें मौजूद चीनी धीरे-धीरे मृत त्वचा को हटाएगी और नुकसान भी नहीं पहुंचाएगी।



मिश्रित त्वचा के लिए स्क्रब

मिश्रित त्वचा का मतलब होता है ऐसी त्वचा, जो शुष्क भी हो और तैलीय भी। ऐसी त्वचा वाले लोगों को चीनी और अखरोट जैसे बारीक दानों वाले स्क्रब इस्तेमाल करने चाहिए। ये तैलीयपन को कम करने में मदद करेंगे और हाइड्रेशन भी बनाए रखेंगे। आप हयालूरोनिक एसिड, ग्रीन टी और बीएचए युक्त स्क्रब भी उपयोग कर सकते हैं। ये तैलीय हिस्सों से तेल साफ करेंगे और शुष्क हिस्सों को नमी प्रदान करेंगे।

## अवतार- फायर एंड ऐश बॉक्स ऑफिस: 20 करोड़ से खोला खाता, भारत में धुरंधर के आगे ढेर हुई जेम्स कैमरून की फिल्म




अवतार: फायर एंड ऐश बीती 19 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई. फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश ने अपना पहला दिन बॉक्स ऑफिस पर निपटा दिया है. दर्शकों को जेम्स कैमरून की फिल्म का तीसरा पार्ट बेहद पसंद आ रहा है. धुरंधर के क्रेज के बीच फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी है. धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है, और अवतार 3 के लिए भारत में कमाना इतना आसान नहीं होगा. फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश ने पहले दिन कितना कलेक्शन किया है. चलिए जानते हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, अवतार: फायर एंड ऐश ने भारत में पहले दिन अच्छा खासा बिजनेस किया है. अवतार 3 ने भारत में पहले दिन 20 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, लेकिन यह धुरंधर से कम है. धुरंधर ने शुक्रवार को 22 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. कहा जा सकता है कि धुरंधर ने अवतार: फायर एंड ऐश का बॉक्स ऑफिस पर खेल बिगाड़ दिया है. बता दें, अवतार वे ऑफ वाटर (अवतार 2) ने भारत में ग्रॉस 48.75 करोड़ रुपये और नेट 40.3 करोंड रुपये से ओपनिंग ली थी.

अवतार: फायर एंड ऐश का इंग्लिश भाषा में 69.68 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ है. इसमें मॉर्निंग शो में 53.74 फीसदी, दोपहर के शो में 67.19 फीसदी, इवनिंग शो में 85.42 फीसदी और नाइट शो में सबसे ज्यादा 72.35 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ है. वहीं, हिंदी भाषा में ऑक्यूपेंसी रेट की बात करें तो यह ओपनिंग डे पर 66.31 फीसदी दर्ज हुआ है. इसमें मॉर्निंग शो में 66.50 फीसदी, दोपहर के शो में 65.75 फीसदी, इवनिंग शो में 0 फीसदी और नाइट शो में सबसे ज्यादा 66.67 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवतार 3 को ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार रिस्पॉन्स मिला है. इसने 43.1 मिलियन डॉलर (386 करोड़ रुपये) दो दिन में कमाए हैं. फिल्म 18 देशों में 17 दिसंबर को रिलीज हुई और 18 दिसंबर को 25 और देशों में रिलीज हुई थी. अवतार 3 ने ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इटली, डेनमार्क, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, आईलैंड, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया और थाईलैंड में बिगेस्ट ऑपनर फिल्म बनी है. इसमें चीन में हुई कमाई के आंकड़े शामिल नहीं हैं. चीन में ओपनिंग डे पर अवतार 3 ने 153 करोड़ रुपये की अनुमानित कमाई की है. साल 2022 से अब तक सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म साबित हुई है, बस जूटोपिया और फास्ट एक्स से पीछे है.

पैंडोरा ग्रह में बनी यह फिल्म इस बार जंगल और पानी से होती हुई आग-राख पर पहुंच चुकी है. फिल्म के विजुअल्स दर्शकों को आंखें बड़ी कर रहे हैं. पिछली दो पार्ट से ज्यादा काम तीसरी किस्त में देखने को मिल रहा है. जेम्स कैमरून ने अपनी पुरानी स्टारकास्ट के साथ दर्शकों को अवतार की दुनिया का नया फ्लेवर दिया है, जिसके लिए वह जाने जाते हैं. अब देखना होगा फिल्म भारत में अपने पहले वीकेंड में कमाई के कितने झंडे गाड़ती है.



## बैड गर्लज़ का टीज़र हुआ रिलीज़, फिल्म 25 दिसंबर को होगी रिलीज

बैड गर्लज़ फणी प्रदीप धुलिपुडी द्वारा निर्देशित एक मनोरंजक फिल्म है, जो पहले सफल 30 रोजुलो प्रेमिंचदाम इला का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण प्रश्विता एंटरटेनमेंट, नीली नीली आकाशम क्रिएशन्स और एनवीएल क्रिएशन्स के बैनर तले किया जा रहा है। बैड गर्लज़ में आंचल गौड़ा, पायल चेंगप्पा, रोशिनी, यशना, रोहन सूर्या, मोइन और रोहन सूर्या मुख्य कलाकार हैं। फिल्म की टैगलाइन, कानी चला मनचोड़लू, दिलचस्प तरीके से शीर्षक के विपरीत है। इस फिल्म का निर्माण ससिधर नल्ला, एम्मादी सोमा नरसैया, रामिसेट्टी रामबाबू और रावुला रमेश कर रहे हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस गिफ्ट के तौर पर रिलीज़ होने वाली है। आज, राम चरण की आने वाली पैन-इंडिया फिल्म पेड्डी के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस फिल्म का टीज़र रिलीज़ किया। इस मौके पर टैलेंटेड फिल्ममेकर ने कहा कि उन्हें बैड गर्लज़ की कहानी पता है और यह काफी दिलचस्प है। क्लाइमेक्स बहुत इमोशनल है। जब मैं सुकुमार गारू के अंडर असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर रहा था, तो मुन्ना उनके पास आते थे, अपनी लिखी हुई कहानियाँ सुनाते थे और उन्हें अप्रूव करवाते थे। उस समय, मैं सोचता था कि मुन्ना ज़रूर डायरेक्टर बनेगा, और मुझे भी बनना चाहिए। जैसे मेरी फिल्म उप्पेना का गाना नी कल्लु नीली समुद्रम चार्टबस्टर बन गया, वैसे ही गाना नीली नीली आकाशम उससे भी बड़ा हिट है। म्यूज़िक डायरेक्टर अनूप रूबेंस ने इस फिल्म के लिए भी शानदार गाने दिए हैं। मैं फिल्म मनम के गानों का बहुत बड़ा फैन हूँ। इस फिल्म में रेणु देसाई गारू एक अहम रोल निभा रही हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए हाँ की, यह बात ही दिखाती है कि कहानी कितनी अच्छी है। फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है—इसे ज़रूर देखें। डायरेक्टर फणी प्रदीप धुलिपुडी ने कहा, हमारी फिल्म बैड गर्लज़ एक फुल एंटरटेनर है। अगर जाति रत्नालु और एमएडी जैसी मज़ेदार फिल्में लड़कियों को लीड रोल में लेकर बनाई जातीं, तो वे बैड गर्लज़ जैसी ही होतीं। यह एक फ्रेश फिल्म है। हमने आज टीज़र रिलीज़ किया है ताकि लोगों को पता चले कि हमारी फिल्म कैसी है। मुझे बहुत खुशी है कि टीज़र मेरे शुभचिंतक बुच्ची बाबू सना गारू के हाथों रिलीज़ हुआ। चाहे मैं मुश्किलों में हूँ या खुश हूँ, सबसे पहले मैं उन्हीं से शेयर करता हूँ। जब मैंने उन्हें इस फिल्म की कहानी सुनाई, तो उन्होंने इसके कंटेंट की बहुत तारीफ की। मुझे पूरा यकीन है कि हमारी फिल्म सबको पसंद आएगी। हम अपनी फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस गिफ्ट के तौर पर रिलीज़ कर रहे हैं। यह एक अच्छी एंटरटेनर है। अनूप रूबेंस गारू ने शानदार म्यूज़िक दिया है, और ऑस्कर चंद्र बोस गारू ने गानों के बोल लिखे हैं। हाल ही में रिलीज़ हुए गाने 'इला चूसुकुंताने', 'लेलो' और टाइटल सॉन्ग को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है, इसे ज़रूर देखें।

## पीठ दर्द और साइटिका से पाना है छुटकारा? रोजाना करें शलभासन का अभ्यास



योगासन हमारे शरीर और मन को स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका अदा करते हैं। इन्हीं में से शलभासन एक महत्वपूर्ण योगासन है, जो शरीर को सशक्त बनाने के साथ रीढ़ की हड्डी को मजबूती प्रदान करता है। शलभासन हठयोग के सबसे प्रभावशाली आसनों में से एक है। शलभ एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ टिड्डा होता है। दरअसल, आसन की अंतिम मुद्रा एक टिड्डा के समान होती है, जिस वजह से इसे शलभासन कहा जाता है। इसके नियमित अभ्यास करने से शरीर में स्फूर्ति आती है और कई शारीरिक समस्याओं से लाभ मिलता है। शलभासन को करने के लिए सबसे पहले योगा मेट पर पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को आगे की ओर फैलाएं, हथेलियां ऊपर की ओर और पैर सीधे हों। माथा या ठोड़ी जमीन को छू रही हो। गहरी सांस लें और शरीर को स्थिर करें। सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को एक साथ धीरे-धीरे ऊपर उठाएं। पैरों को सीधा रखें और घुटनों को न मोड़ें। इसके साथ ही हाथों को भी ऊपर की ओर उठाना है। यह कुछ सुपरमैन पोज जैसा है। इस स्थिति में 10-30 सेकेंड तक रुकें। सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इसके बाद में धीरे-धीरे पैरों और छाती को जमीन पर लाएं और विश्राम करें। आयुष मंत्रालय के अनुसार शलभासन पीठ की मांसपेशियों को मजबूती देता है। कमर दर्द और साइटिका से राहत दिलाता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है और जांघों व नितंबों की चर्बी घटाने में मदद करता है, जिससे शारीरिक मजबूती और मानसिक शांति मिलती है। खासकर जो लोग घंटों बैठकर काम करते हैं उनके लिए यह फायदेमंद है। शलभासन से उदर को भी लाभ पहुंचता है और पाचन को सहायता मिलती है।पीठ के निचले हिस्से में अधिक दर्द होने पर इसे सावधानी के साथ करना चाहिए। हालांकि, आसन के नियमित अभ्यास से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाया जा सकता है, लेकिन जिन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्या है या फिर कोई सर्जरी हुई है, तो वे ये योगासन करने से परहेज करें।

### सू- दोकू क्र.265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -265


( भागवत साहू )

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

# कांग्रेस ने मनरेगा के नए नामकरण पर असंतोष जताने के साथ जिले में किया धरना प्रदर्शन

## वक्ताओं ने कहा - नई योजना से रोजगार बढ़ना अच्छी बात, लेकिन नाम आखिर क्यों बदला

**कोरिया बैकुंठपुर।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से महात्मा गांधी जी का नाम हटाने एवं मनरेगा योजना को समाप्त करने के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना-प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को पलायन से रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम रही है। जब देश में डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में आम सहमति से मनरेगा कानून पारित हुआ था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, जिससे करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार मिला और विशेष रूप से वंचित, शोषित, गरीब एवं अतिगरीब वर्ग को सम्मानपूर्वक रोज़ी-रोटी का साधन प्राप्त हुआ। मनरेगा के माध्यम से लोगों को अपने गांव, अपनी माटी और अपने परिवार के साथ रहकर काम मिला, जिससे मजबूरी में होने वाला पलायन रुका और ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाया गया। यह योजना महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास थी। पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव ने कहा कि आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने के बजाय अब उसे पूरी तरह समाप्त कर दिया है। कोविड काल में



यही योजना गरीबों के लिए संजीवनी साबित हुई थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बिना किसी विचार-विमर्श, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए और बिना जमीनी हकीकत समझे मनरेगा का स्वरूप बदलकर उसे खत्म कर दिया। योगेश शुक्ला ने कहा पहले केंद्र-राज्य हिस्सेदारी 90:10 थी, जिसे बदलकर 40:60 कर दिया गया, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ा और योजना लागू करना कठिन हो गया। अब यह तय किया जा रहा है कि किसे, कितना और कहां रोजगार मिलेगा-जो पूरी तरह दिल्ली में बैठकर तय किया जाएगा, जबकि ग्रामीण भारत की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है।

कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं थी, बल्कि देशहित और जनहित से जुड़ा कानून था। भाजपा सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर करोड़ों किसानों, श्रमिकों, भूमिहीनों और ग्रामीण गरीबों के हितों पर सीधा हमला किया है। यह महात्मा गांधी के नाम पर नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा पर किया गया प्रहार है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, आशीष यादव, बिहारी राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, प्रवीर भट्टाचार्य, शैलेन्द्र सिंह, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, सुरेंद्र तिवारी, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, रामाधार टोप्पो, आशीष डबरे, अविनाश पाठक, गणेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, वसीम अधिवक्ता, सुरेंद्र कुमार, जाग्रत कुर्रे, अनिल सिंह, हीरालाल साहू, संतोष गोयन, इंद्रजीत पांडे, विजय चक्रधारी, स्वतंत्र महबूबिया, राजेश कुर्रे, आरिफ, जानू वसीम, संजय खलखो, एजाज़ गुड्डू, अमित पांडे, अज़ीमुल्ला, कुंवर साय एवं अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरा पंहुचा प्रशासन

# जल है तो कल है, थीम पर निर्मित मनरेगा मॉडल ने खींचा ध्यान



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के जनपद पंचायत सोनहत मे प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम पंचायत घुघरा में शिविर आयोजित किया गया। आज घुघरा नर्सरी के समीप आयोजित इस शिविर में रिज टू वैली अवधारणा के आधार पर मनरेगा द्वारा निर्मित किये जाने वाले संरचनाओं का मॉडल प्रस्तुत किया गया। इसके द्वारा जीवंत प्रदर्शन कर जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया गया। जल संरक्षण के लिए सजग ना होने पर जल विहीन गाँव एवं जागरूक आम नागरिकों द्वारा जल संरक्षण युक्त गांव के माध्यम से जल के महत्व को समझाया गया। इसे सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों द्वारा बेहद सकारात्मक संदेश के साथ पसंद किया गया। शिविर मे क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत मोहित पैकरा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े जिला पंचायत कोरिया सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब कोरिया ने किया गरीबों को कंबल वितरण

**कोरिया।** कड़ाके की ठंड और लगातार पड़ रहे घने कुहासे को देखते हुए जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया (पंजीकृत) के तत्वावधान में मानवीय पहल करते हुए बुजुर्गों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत चेरवापारा में आयोजित हुआ, जहां पण्डो जनजाति के गरीब, बुजुर्ग एवं असहाय महिला-पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, महासचिव योगेश चंद्रा, संरक्षक उत्तम कश्यप, संरक्षक नीरज गुप्ता सहित सदस्य अंकित अग्रवाल, प्रभात दास एवं कमरुनीशा ने उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। सभी ने जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा कि शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दौरान समाज के कमजोर वर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई लोग रातें खुले आसमान या असुरक्षित



स्थानों पर बिताने को मजबूर होते हैं। ऐसे समय में उनकी सहायता करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया हमेशा गरीबों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है। कंबल वितरण के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। बुजुर्गों, महिलाओं एवं असहाय लोगों को प्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल प्रदान किए गए। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में किसी को भी असहाय छोड़ना उचित नहीं है, इसलिए इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने प्रशासन एवं समाजसेवी संगठनों से भी अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण बीमार न पड़े या अपनी जान न गंवाए। कंबल प्राप्त करने वालों में पण्डो जनजाति के मनोज पण्डो, इतवारिया पण्डो, अटरिया पण्डो, बिफइया पण्डो, पार्वती पण्डो, शिव पण्डो, नंद कुमार पण्डो, साहेब लाल पण्डो, समय लाल, बहलो, कलेसरी, फुलेश्वरी एवं सुशीला पण्डो शामिल रहे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बुजुर्गों और लाभार्थियों ने जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में परस्पर सहयोग और संवेदनशीलता ही सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाती है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और इंसानियत का सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**एमसीबी।** जिला अस्पताल, एमसीबी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2025 का भव्य एवं विधिवत शुभारंभ माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 51 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## स्वास्थ्य जांच, प्रमाण पत्र, पौधा रोपण, आयुष्मान कार्ड और किसानों को दी गई सामग्री

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत जिले में 21 दिसंबर 2025 को सोनहत विकासखण्ड के ग्राम घूघरा में आज सुशासन सप्ताह के तीसरे चरण के अंतर्गत सरई की छांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। जलसंरक्षण थीम पर आधार आज की शिविर में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई । जिसमें से स्वास्थ्य विभाग ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया गया। आयुष विभाग ने नि:शुल्क आयुष काढ़ा व दवाइयां वितरण की गई। कृषि विभाग ने 10 किसानों को मसूर के बीज, 5 वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को पावर स्पेयर प्रदान की गई। अनुविभाग सोनहत द्वारा 4 आय, 1 निवास, 3 जाति, 2 सीमांकन, 3 जनहानि प्रमाण पत्र वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना अंतर्गत 2 महिलाओं को चेक प्रदान किया गया। 'आवा पानी झोंकी' अभियान के तहत शिविर में जल संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए अतिथियों ने आम के पेड़ों पर पानी डाला। साथ ही, 5 प्रतिशत मॉडल



प्रदर्शनी लगाई गई, सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया गया और बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। विधायक रेणुका सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आज छुट्टी के दिन प्रशासन आपके द्वारा पे आया है, और आप लोगों को प्रशासनिक योजनाओं की जानकारियां प्रदान कर रहे है। यहां सभी विभागों ने अपने अपने विभागीय जानकारी दिए है सभी इसका लाभ उठाएं। जल संरक्षण की महत्व को बताते हुए उन्होंने जल, जंगल के संरक्षण करने का लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि हम लोग बहुत खूबनसीब है जो प्रकृति से घिरे हुए है, शुद्ध हवाएं हमे प्राप्त हो रहे है। इसका दुरुपयोग न करें।

# कोरिया जिले के चरचा कॉलरी क्षेत्र में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप्स दिया स्वास्थ्य विभाग ने



**कोरिया चरचा कालरी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित दो बूंद हर बार अभियान के अंतर्गत भारत ने पोलियो पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर स्वयं को पोलियो-मुक्त घोषित किया है। हालांकि, विश्व के कुछ देशों में आज भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे इसके पुन: लौटने की आशंका बनी रहती है। इसी कारण बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक निर्धारित अवसर पर पोलियो की खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है।

इसी क्रम में नगर पालिका शिवपुर-चर्चा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बीना सिंह द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया। उनके नेतृत्व में लगभग 121 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अभियान को सफल बनाने में मितानिन बहन रसिदा सुल्ताना एवं सुखमनिया राजवाड़े का भी विशेष योगदान रहा। मितानिनों ने घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को जागरूक किया तथा बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई।अभियान के दौरान अभिभावकों को यह भी समझाया गया कि भले ही भारत पोलियो-मुक्त है, लेकिन निरंतर सतर्कता और नियमित टीकाकरण ही इस उपलब्धि को बनाए रख सकता है। स्थानीय नागरिकों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही बच्चों का स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।स्वास्थ्य विभाग ने पुन: अपील की कि सभी अभिभावक 'दो बूंद हर बार' के संदेश को अपनाएं और अपने बच्चों को प्रत्येक पोलियो अभियान में खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि भारत सदैव पोलियो-मुक्त बना रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर प्रस्तावित बायपास सड़क निर्माण की मांग तेज

## जनपद पंचायत सदस्य ने कलेक्टर को ज्ञापन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में एक अहम पहल सामने आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर जुनापारा (बिशुनपुर) बगिया चौक से ग्राम सलका तक प्रस्तावित बायपास सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर क्षेत्र क्रमांक 02 की सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने इस संबंध में कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के जुनापारा (बिशुनपुर) बगिया चौक से ग्राम सलका तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी बायपास सड़क का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन के बजट में पहले ही शामिल किया जा चुका है। यह बायपास सड़क क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान में भारी वाहनों और स्थानीय यातायात के कारण बस्तियों में जाम, दुर्घटनाओं और प्रदूषण की समस्या बनी रहती है। धर्मवती राजवाड़े ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित बायपास सड़क का निर्माण बगिया चौक से तलवापारा मोहल्ला होते हुए ग्राम सलका तक किया जाना प्रस्तावित है। इससे न केवल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा और सुरक्षित संपर्क मार्ग भी मिलेगा।



बायपास बनने से स्थानीय नागरिकों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा होगी, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि इस सड़क निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत को विधिवत सूचना दी जा चुकी है तथा ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। खास बात यह है कि प्रस्तावित मार्ग को लेकर किसी भी नागरिक द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर इस परियोजना को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। जनप्रतिनिधि ने प्रशासन से आग्रह किया है कि शासन के बजट में शामिल इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी की जाएं। भूमि संबंधी औपचारिकताओं, तकनीकी स्वीकृति और कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि बायपास सड़क बनने से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। व्यापार, कृषि उत्पादों की ढुलाई और आपातकालीन सेवाओं को भी इससे मजबूती मिलेगी। वहीं प्रशासनिक स्तर पर इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही की उम्मीद जताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मांग पर कितनी शीघ्रता से निर्णय लेकर बायपास सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि यह परियोजना जल्द ही हकीकत बनेगी और कोरिया जिले के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

## विधायक रेणुका ने नवजात को अपने हाथों से पिलाया पोलियो

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में कोरिया जिले में विश्व पोलियो उन्मूलन दिवस के अवसर पर 'पल्स पोलियो अभियान' का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा और जनपद पंचायत सीईओ की उपस्थिति में बैकुंठपुर के ओड़गी स्कूल पोलियो बूथ से बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। सोनहत विकासखंड के ग्राम घुघरा पोलियो बूथ में सोनहत-भरतपुर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने हाथों से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। जिले में कुल 34,668 बच्चों को इस अभियान में पोलियो की खुराक दी जाएगी। विकासखंड बैकुंठपुर में 157, सोनहत में 100 तथा तहसील बचरापोडी में 84 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां पहले दिन बच्चों को ड्रॉप पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि कोरिया जिला तथा छत्तीसगढ़ राज्य को पूर्णत: पोलियो मुक्त बनाने एवं वाइल्ड पोलियो वायरस के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान आयोजित किया गया है। कोई भी बच्चा पोलियो से ग्रसित न हो, इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनसमुदाय ने सक्रिय सहभागिता निभाई जा रही है। पहले दिन छूटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस (द्वितीय एवं तृतीय दिवस) पर स्वास्थ्य कर्मी, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा, ताकि अंतिम बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें।



## तीन दशकों से जारी पोलियो अभियान में बाल कवि मेहर जैन की मार्मिक पहल

**एमसीबी।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर 2025 को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिले के लगभग 542 बूथों पर करीब 51,013 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विदित हो कि भारत में पोलियो जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान की शुरुआत वर्ष 1994 में हुई थी। 2 अक्टूबर 1994 को पहला बड़ा अभियान चला और वर्ष 1995 में 'पल्स पोलियो' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह अभियान वर्षों से एक सतत प्रक्रिया के रूप में संचालित है।

# 6800 से अधिक किसानों से 3.51 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित एवं चौकस व्यवस्था के साथ जारी है। 15 नवंबर से 19 दिसंबर 2025 तक जिले के 6 हजार 892 किसानों से कुल 3 लाख 51 हजार 366 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

धान खरीदी के एवज में किसानों को 83 करोड़ 23 लाख 86 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है, जिससे अन्नदाताओं में संतोष और उत्साह का माहौल है। वहीं, कृषकों को वितरित ऋण के विरुद्ध 16 करोड़ 16 लाख 21 हजार 163 रुपये की वसूली भी की गई है। जिले के 21 उपार्जन केंद्रों में प्रशासन द्वारा पूरी चौकचौबंद व्यवस्था के साथ धान खरीदी की जा रही है। किसानों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए प्रशासन किसानों के



रखवार की भूमिका निभाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धान खरीदी नीति की सराहना की जा रही है। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा में तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी द्वारा धान खरीदी के संबंध में विभागीय व नोडल अधिकारियों से नियमित समीक्षा कर रही हैं और दिशा निर्देश दे रही है। इसके अलावा धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को कोई परेशानी न हो इस पर लगातार नजर रखी हुई है, जहां किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या मिलने पर त्वरित निराकरण के निर्देश मातहत को दिए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को समय पर भुगतान, सुचारु व्यवस्था और विश्वासपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता और सफलता के साथ संपन्न हो सके।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले समाज के अंतिम व्यक्ति को : रेणुका

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला मानस भवन भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, सहकारिता विभाग के उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, सह प्रभारी राकेश गुप्ता उपस्थित रहें।

जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर जिला, मंडल एवं प्रत्येक बूथ स्तर पर अटल जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया जाएगा। उन्हांने कहा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठित करके पार्टी संगठन को मजबूत कर और अटल जी की विरासत के संरक्षक के रूप में पार्टी की भूमिका को



और सुदृढ़ करें। जिला संगठन प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और उनके द्वारा स्थापित सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका सही क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने गांव को शहरों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के सुगम मार्ग की व्यवस्था कराये। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, अटल जी के राष्ट्र प्रथम मूल्यों को उजागर करके एवं उनकी विरासत को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्या सहभागिता पूर्ण गतिविधियों पर प्रत्येक मंडल व शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर पर संचालन करके आमजनता एवं युवाओं को प्रेरित करें। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के रीति-नीति व संगठनात्मक कार्यो को प्रभावी तरीके से संगठन कार्य को स्थानीय स्तर पर करने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा कर प्रभारियों की जानकारी दिया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चा के नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, सचिदानंद द्विवेदी, सत्यम साहू, मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, रामाशंकर, सुशीला साहू, राकेश पैकरा, सुरेश सिरदार, पार्षद रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन, उर्मिला, सुभाष साहू, सुरेन्द्र चक्रधारी, सुखदेव राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सोनवानी, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अशरफ खान, आई.टी.सेल. के जिला संयोजक हरिओम साहू, संतोष राजवाड़े सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# नोटिस दिया है तो कार्रवाई होगी ही: रेलवे

## इंदिरा नगर में अतिक्रमण हटाने का मामला



**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा गेवरा रोड रेलखंड पर इंदिरा नगर दुर्पा रोड में अतिक्रमण हटाने को लेकर रेलवे की घोषित तारीख नजदीक आती जा रही है। जबकि अल्टीमेटम के लिए 48 घंटे बचे हैं। रेलवे का कहना है कि अगर हमने नोटिस दिया है तो उस पर अमल जरूरी होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलपथ विभाग के द्वारा कोरबा के इंदिरा नगर क्षेत्र में ऐसे लोगों को नोटिस दिया गया जो उसकी 705/8, 708/10 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाली जमीन पर काबिज हैं। रेलवे ने अपने प्रयोजन से इस जमीन का उपयोग करना चाहा है। संबंधित लोगों को दूसरी बार नोटिस जारी कर कहा गया कि वे हर हाल में 24 दिसंबर तक यहां से खुद हटें और सामान को हटाएं वरना रेलवे 30 दिसंबर से अपनी कार्यवाही शुरु करेगा। रेलवे ने इसके लिए सुरक्षा बल को सूचित कर दिया है। रेलवे का कहना है कि मौके पर की जाने वाली कार्यवाही से किसी प्रकार का नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ नोटिस प्राप्त करने वाले लोगों की होगी, रेलवे इससे अलग रहेगा। इस मसले से परेशान लोगों ने स्थानीय स्तर पर रेलवे के अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों से बातचीत की, पर कोई हल नहीं निकला। उनके द्वारा ओवरब्रिज के नीचे चक्काजाम कर दबाव बनाने का प्रयास भी किया गया। प्रशासनिक अधिकारी ने लोगों को आश्वासन देकर चलता कर दिया था लेकिन हुआ कुछ नहीं। इधर अल्टीमेटम की तारीख करीब आने के साथ इंदिरा नगर के कुछ लोगों ने सामान की शिफ्टिंग करने की मानसिकता बनाई। मतलब यह है कि लोग संभावित कार्यवाही और अपने नुकसान को लेकर चिंतित भी हैं और डरे हुए भी। इधर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ से 30 दिसंबर की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गई तो उनका दो टूक कहना था कि अगर रेलवे ने लोगों को नोटिस दिया है तो कार्यवाही जरूर होगी। यह बात अलग है कि रेलवे के संभागीय प्रबंधक से इस मामले को लेकर केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने चर्चा की है।

## राष्ट्रीय पर्व पर टॉपर्स को सम्मानित करने की बने योजना

### सृष्टिधर तिवारी ने दिए सुझाव

**कोरबा।** 26 जनवरी गणतंत्र पर्व के कोयलांचल दीपका में होने वाले आयोजन को लेकर नगर पालिका सीएमओ को एसईसीएल वेलफेयर कमेटी के सदस्य सृष्टिधर तिवारी ने सुझाव दिए हैं। इसमें कहा गया कि नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित चौड़ी सड़क पर, दिल्ली के राजपथ की तर्ज पर, गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जा सकता है। इस अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल की ओर से आकर्षक झांकियां नगर पालिका कार्यालय के सामने बने मंच के समक्ष से गुजरते हुए बस स्टैंड परिसर में प्रवेश करें, जहाँ वे दिनभर नागरिकों के अवलोकन हेतु प्रदर्शित रह सकें। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, सीआईएसएफ, पुलिस, होमगार्ड एवं स्काउटगाइड द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाए। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो, जिसरी समारोह और अधिक गरिमामय बने। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाए।

## पेड़ कटाई मामले में कार्रवाई, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के अंतर्गत आने वाले कोल्गा क्षेत्र में पेड़ कटाई के काम का विरोध करने वाले 50 से ज्यादा ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पिछले दिनों यह कार्रवाई की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी देने के साथ शिकायत की। उनका आरोप है कि कोल्गा प्राचीन गुफा के आसपास हरे-भरे वृक्ष बड़ी संख्या में काट दिए गए। यह सोची-समझी साजिश है। हमने इसका विरोध किया था और सामान अपने कब्जे में किए थे। विभाग ने इसे गलत तरीके से प्रस्तुत किया है।

## साधक मंत्र जाप कर करेंगे नववर्ष का स्वागत

कोरबा। सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा 31 दिसंबर को नववर्ष का स्वागत मंत्र जाप व हवन कर करेंगे। रात्रि को साधक गुरु मंत्र का जाप करते हैं। कई साधक ऐसे हैं जो गुरु मंत्र के साथ-साथ शक्ति की भी आराधना करते हैं। इस संबंध में घनश्याम बरेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी जिले में साधकों के द्वारा तैयारियां शुरु कर दी गई है। इसी तरह कल 21 दिसंबर को बालको निवासी हेमेंद्र बरेठ के निवास स्थान पर गुरुपूजन व हवन का कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के साधकों ने भाग लिया। साधक 30 दिसंबर से बिलासपुर में होने वाले साधना शिविर में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। यहां पर तीन दिन का शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें गुरुदेव कैलाशचंद श्रीमाली गुरुदीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा प्रदान करेंगे।

# बड़मार व सुईआरा के बीच दंतैल के विचरण से खतरा



**कोरबा।** जिले में तीन लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद आतंक का पर्याय बने दंतैल हाथी अब कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में पहुंच गया है और बड़मार तथा सुईआरा के बीच जंगल में विचरण कर रहा है। जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले से कराई जा रही है जिससे उसके हर गतिविधियों की जानकाीर अधिकारियों को लगातार मिल रही है। निगरानी तेज होने की वजह से दंतैल हाथी विगत को तीन दिनों की वजह से दंतैल हाथी विगत दो-तीन दिनों से शांत है। इससे पहले कटघोरा वनमंडल में उत्पात मचाकर तथा दो ग्रामीणों पर हमला कर दहशत मचा दिया था। हाथी के आतंक से ग्रामीण के साथ-साथ वन विभाग परेशान था। कटघोरा वनमंडल में आतंक मचाने के बाद वह कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में पहुंचा था यहां दो तीन दिनों तक विचरण करने के बाद कोरबा रेंज पहुंचा और बताती गेरांव के रास्ते बीती रात करतला रेंज पहुंच गया। दंतैल हाथी ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान यहां नहीं पहुंचाया है लेकिन इसकी संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। हाथी की मौजूदगी वाले बड़मार, सुईआरा तथ आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों को खतरनाक हाथी के क्षेत्र में पहुंचने की जानकारी देते हुए उन्हें जंगल की ओर न जाने तथा घरों में रहने की अपील की जा रही है।

## चिकित्सकों के नहीं रहने पर कोयला कामगार होते हैं परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में चिकित्सकों के छुट्टी पर जाने से कोयला कामगार परेशान हो जाते हैं। कई ऐसे कामगार हैं जो फिट होने के लिए उन्हीं चिकित्सकों के पास जाते हैं जिनको पहले आवेदन दिए रहते हैं। कई बार चिकित्सक छुट्टी पर चले जाते हैं, ऐसी दशा में कोयला कामगारों को फिट कराने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। इस मामले को एसईकेएमसी की आईआर बैठक में छंदराम राठौर ने जोर-शोर से उठाया।

## प्रतिष्ठा द्वादशी को सबरी के बेर का होगा समर्पण

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका की एक समिति ने इस बार भी अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादशी को सबरी के बेर का समर्पण श्रीराम को करना तय किया है। 11 समाज के प्रतिनिधि सहित 51 सदस्य शिवरीनारायण से सबरी के बेर लेकर अयोध्या पहुंचेंगे। 28 दिसंबर को सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं का समूह रामनगरी के लिए रवाना होगा। समिति के सदस्य संतोष गुप्ता ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष में इस तरह की कोशिश की गई है। श्रीराम मंदिर जन्मभूमि ट्रस्ट ने कोरबा जिले की इस कोशिश को पूर्व वर्षों में सराहा है और इस वर्ष के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। बताया गया कि राधाकृष्ण मंदिर से विशेष वाहन रवाना होगा। अयोध्या में प्रतिष्ठा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी के बाद एक जनवरी 2026 को श्रद्धालुओं को वापसी होगी। बुधवारी बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर में अयोध्या का प्रसाद वितरित होगा। इसी दिन रात्रि 11 बजे तक भंडारा का आयोजन भी होगी।

## प्रदेश महामंत्री बरेठ का रायगढ़ दौरा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ आज रायगढ़ के लिए रवाना हुए हैं। वहां वे बिजली कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे और सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी लेंगे। कोरबा पश्चिम में अजय मिश्रा, कमल यादव, अमर राठौर के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चल रहा है। इधर कोरबा पूर्व में भी पूर्णिमा साहू सहित सभी सदस्यता अभियान चला रहे हैं। इसके अलावा वे बिजली कर्मचारी संघ द्वारा किए गए आंदोलन की जानकारी दे रहे हैं।




# एनकेएच में मिलेगी संपूर्ण न्यूरो केयर एक ही छत के नीचे



**कोरबा।** जिले के सुपर स्पेशियलिटी न्यू कोरबा हॉस्पिटल (ह्य॥) में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में अस्पताल के सम्पूर्ण न्यूरो केयर डिपार्टमेंट का शुभारंभ किया है। इसमें अब न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और न्यूरो फिजियोथैरेपी तीनों सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल में न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी द्वारा दूरबीन मिनिमली इनवेसिव पद्धति से स्पाइन सर्जरी की सुविधा दी जा रही है। इस आधुनिक तकनीक से सर्जरी के बाद मरीज को कुछ ही दिन के भीतर डिस्चार्ज किया जा सकेगा। न्यू कोरबा हॉस्पिटल में 24 घंटे आपातकालीन सेवा भी उपलब्ध है, जहां देर रात गंभीर मरीज के आने पर भी विशेषज्ञ टीम तत्परता से उपचार शुरू करती है।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि न्यूरो संबंधी सर्जरी के लिए अब मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय, खर्च और परेशानी तीनों में बचत होगी और कोरबा में ही उच्चस्तरीय न्यूरो केयर संभव हो सकेगा। एनकेएच में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूर्ण उपचार सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही सभी प्रमुख निजी हेल्थ कार्ड/बीमा भी स्वीकार किए जाते हैं।

कोरबा में पहली बार एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी की सुविधा शुरू की गई है। यह अत्याधुनिक सर्जरी अब सुपर स्पेशियलिटी न्यू कोरबा हॉस्पिटल (ह्य॥) में उपलब्ध है। इस तकनीक से बिना बड़े चीरे के दूरबीन द्वारा रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को कम दर्द होता है. इस सुविधा के शुरू होने से अब कोरबा के मरीजों को स्पाइन सर्जरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अक्सर दिमाग और नसों से जुड़ी बीमारियों में न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और फिजियोथैरेपी को एक ही समझ लिया जाता है, जबकि ये तीनों अलग-अलग चिकित्सा विशेषज्ञताएँ हैं और प्रत्येक की भूमिका अलग होती है।

न्यूरोलॉजी दिमाग, रीढ़ की हड्डी और नसों से जुड़ी बीमारियों का बिना ऑपरेशन इलाज करने वाली चिकित्सा शाखा है। न्यूरोलॉजिस्ट रोग की पहचान कर दवाओं के माध्यम से उपचार करते हैं तथा श्वश्वत, ष्ट्ञ, स्न्ह्ह इत्यादि जैसी जांचों से मरीज की स्थिति का लंबे समय तक प्रबंधन करते हैं। सरल शब्दों में, नसों की बीमारी का दवा से इलाज न्यूरोलॉजी में किया जाता है। न्यूरोसर्जरी उन रोगों का इलाज करती है, जिनमें सर्जरी की आवश्यकता होती है। न्यूरोसर्जन दिमाग और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करते हैं। ब्रेन ट्यूमर, सिर की गंभीर चोट, ब्रेन ब्लीड, स्लिप डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस, स्ट्रोक में खून का थक्का निकालना, ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, हाइड्रोसेफेलस और एन्यूरिज्म जैसी जटिल समस्याओं का सर्जिकल उपचार इसी विभाग में किया जाता है। फिजियोथैरेपी बीमारी या सर्जरी के बाद मरीज को दोबारा सामान्य जीवन में लौटाने में मदद करती है।

## कार्यसमिति की बैठक कल

**कोरबा।** बीकेकेएमएस कोरबा, कुसमुंडा कार्यसमिति की बैठक कल विकास नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें एसईसीएल महामंत्री सुजीत सिंह के शामिल होने की संभावना है। बैठक में अध्यक्ष हिरेंद्र चंद्रा, महामंत्री रंजय सिंह, अमिया मिश्रा, राहुल वर्मा उपस्थित रहेंगे।


नमः शिवाय
**प्लाट उपलब्ध**
**डीडीएम रोड, नमन विहार तथा बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।**
संपर्क करें
**6268146606**





स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com